Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
# घटती घटना
अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -99 बुधवार ,08 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*जब तक मन में काम,क्रोध,मद और लोभ रहता है,तब तक ज्ञानी और मूर्ख एक समान होते हैं।*

-तुलसीदास-

## संक्षिप्त समाचार

**अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला**

### मिशेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली,07 फ रवरी 2023 (ए) ।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज कर दी। घोटाले के संबंध में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। मिशेल को 5 दिसंबर 2018 को संयुक्त अरब अमीरात से भारत प्रत्यर्पित किया गया था।

उनके वकील का दावा है कि याचिकाकर्ता जिस मामले में जेल में बंद है वह भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 8 और 9 के तहत है। इसमें अधिकतम सजा पांच साल जेल है, इसमें से वह करीब चार साल जेल में बिता चुके है। 3,600 करोड़ रुपये का यह कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित है।

### खड़गे,राहुल ने तुर्की,सीरिया में भूकंप से हुई जनहानि पर दुख जताया



**नई दिल्ली,07 फरवरी 2023 (ए) ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी ने तुर्की और सीरिया में भूकंप से लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। खड़गे ने ट्वीट किया, तुर्की और सीरिया में विनाशकारी भूकंप से हुए जान-माल के भारी नुकसान से हमें गहरा दुख हुआ है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रत्येक भारतीय दोनों देशों के प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। वायनाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी ट्विटर पर लिखा तुर्की और सीरिया में विनाशकारी भूकंप खबर से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। राहुल ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में तेजी से राहत सुनिश्चित करने के लिए 'वैश्विक समुदाय' को एक साथ आना चाहिए।

# श्रद्धा हत्याकांड का एक भयानक खुलासा



### श्रद्धा की हड्डियों को ग्राइंडर में पीसता,फिर पाउडर को लगाता था ठिकाने

**नई दिल्ली,07 फ रवरी 2023 (ए) ।** श्रद्धा हत्याकांड में एक बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी आफताब पर आरोप लगाया कि वह श्रद्धा की हड्डियों को ग्राइंडर में पीसता था, और उसके बाद हड्डियों के चूरा (पाउडर) को ठिकाने लगाता था। साकेत कोर्ट ने मंगलवार को आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल किए गए आरोप पत्र पर मंगलवार को संज्ञान लिया। कोर्ट ने आरोप-पत्र की एक कॉपी आफताब के वकील को भी उपलब्ध कराई है।

### पुलिस ने दाखिल की 6000 से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट

आफताब पर अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर का गला घोंटने और उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने का आरोप है। अदालत ने आरोप-पत्र की जांच के लिए मामले में अगली तारीख 21 फरवरी दी है। पुलिस ने 24 जनवरी को 6,629 पन्नों की आरोप-पत्र (चार्जशीट) दाखिल की थी। पुलिस ने बताया कि आफताब में शव के टुकड़े करने के बाद आरी को जंगल में फेंकने की भी बात कबूली है।

### हत्या करने के बाद कई महिलाओं के संपर्क में आया

पुलिस ने चार्जशीट में दावा किया है कि आरोपी आफताब आमी पूनावाला कई और भी लड़कियों को भी डेट कर रहा था, जिनसे वह डेटिंग ऐप के जरिए मिला था। श्रद्धा की हत्या के बाद और उसके टुकड़े करने के बाद वह एक लड़की अपने घर पर भी बुलाकर लाया था। उस समय उसकी लिप-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर घर में ही पड़े थे।

### पहले से ही मौत के साये में जी रही थी श्रद्धा

पुलिस ने आरोप लगाया कि उसके साथ में रहने वाली श्रद्धा ÷पहले से ही मारे जाने के डर में जी रही थी।÷ चार्जशीट में दावा किया कि श्रद्धा वालकर की हत्या के तुरंत बाद आफताब फिर से डेटिंग ऐप बंबल के जरिए कई महिलाओं के संपर्क में आ गया था।

### ये है पूरा मामला

श्रद्धा मुंबई के एक कॉल सेंटर में आफताब से मिली थी। 2019 में श्रद्धा एक दिन अचानक आफताब को लेकर अपने घर आ गई थी और उसने मां से कहा था कि वह उसके साथ कहीं लिव इन रिलेशनशिप में रहना चाहती है। बेटी की यह बात सुनकर उसकी मां चौंक गई थी। उन्होंने समझाते हुए श्रद्धा से कहा था कि यहां अंतर धार्मिक विवाह नहीं हो सकता है। इसपर छूटते ही श्रद्धा ने कहा था कि मैं 25 साल की हो गई हूं। मुझे अपने फैसले लेने का पूरा अधिकार है। मुझे आफताब के साथ ही रिलेशनशिप में रहना है। मैं आज से आपकी बेटी नहीं हूं और अपने माता-पिता को छोड़कर दिल्ली रहने आ गई थी।

### जब श्रद्धा का कोई अपडेट नहीं मिला तो पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

2021 में मां के निधन के बाद श्रद्धा ने अपने पिता से सिर्फ दो बार ही बात की थी। जब काफी दिनों तक पिता की बेटी श्रद्धा से बात नहीं हुई (और सोशल मीडिया पर अपडेट नहीं था) तो उन्होंने सितंबर में ही मानिकपुर थाने में पुलिस से शिकायत की। फिर दिल्ली में श्रद्धा का पता चलने पर मुंबई पुलिस ने दिल्ली पुलिस से जांच में मदद मांगी।

### गला दबाकर हत्या के बाद किए टुकड़े

दिल्ली पुलिस ने जब आरोपित को गिरफ्तार किया तो पता चला कि श्रद्धा उसके साथ शादी करना चाहती थी और आफताब शादी से लगातार इनकार कर रहा था। इसी कारण दोनों में झगड़ा होता था। इसी बीच 18 मई को आरोपित ने श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को छिपाने के लिए मृतका के शरीर को कई हिस्सों में काटकर रेफ्रिजरेटर में रख दिया। चूंकि लड़के ने रसोइए की पढ़ाई की थी और उसे मीट वगैरह संरक्षित करके रखने के बारे में जानकारी थी। इसी के चलते उसने मृतका के शरीर को संरक्षित करके रख लिया। यह सिलसिला कई दिनों तक चलता रहा। वह हर रात को दो बजे शव का एक हिस्सा जाकर फेंक आता था। पुलिस को पहली बार 8 नवंबर को मामले की जानकारी मिली और दिल्ली पुलिस ने 12 नवंबर को ही श्रद्धा वालकर की हत्या करने के आरोप में उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला को गिरफ्तार किया था। तभी से आरोपी न्यायिक हिरासत में है।

### पहली बार कोर्ट में शारीरिक रूप से हुई पेशी

इस दौरान आफताब को कोर्ट के समक्ष कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शारीरिक रूप से पेश किया गया। इस दौरान आफताब के साथ करीब 50 से 70 पुलिसकर्मी मौजूद रहे और पुलिस ने कोर्टरूम का दरवाजा बंद कर लिया। अंदर किसी भी मीडियाकर्मी को प्रवेश नहीं दिया। कोर्ट रूम में प्रवेश करने की कोशिश करते हुए पुलिसकर्मियों ने कुछ मीडियाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की व बदसलूकी भी की।

### जंगलों में मिली हड्डियों का श्रद्धा के पिता के डीएनए से हो चुका है मिलान

श्रद्धा हत्याकांड मामले में पुलिस द्वारा बरामद की गई कुछ हड्डियों के नमूने श्रद्धा के पिता के डीएनए से मिलान हो गया था। इससे यह साफ हो गया कि वो हड्डियां श्रद्धा की थी। इन्हें दिल्ली पुलिस महरौली और गुरुग्राम के जंगलों से इकट्ठा किया गया था।

# कैसे हर कारोबार में सफल हो जाते हैं गौतम अडाणी ?

### लोकसभा में राहुल ने केंद्र पर जमकर साधा निशाना

**नई दिल्ली,07 फ रवरी 2023 (ए) ।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोक सभा में विपक्ष की तरफ से पहले वक्ता के तौर पर बोलते हुए राहुल गांधी ने अडानी मसले को उठाते हुए केंद्र सरकार और सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। भाजपा ने पलटवार करते हुए राहुल गांधी पर बिना सबूत के हवा में आरोप लगाने का आरोप लगाते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की।

राहुल गांधी ने अडानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुराने संबंधों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि इस सरकार ने देश के अंदर और देश के बाहर भी अडानी समूह को फायदा पहुंचाने के लिए काम किया। राहुल गांधी ने एक के बाद एक कई आरोपों की झड़ी लगाते हुए हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि शेल कंपनियों का जो पैसा आ रहा है, वो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है और भारत सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए।

राहुल ने कहा कि केरल, तमिलनाडु और पूर हिंदुस्तान सभी जगह एक नाम सुनने को मिला और वह था सिर्फ अडानी। इस नाम के बारे में जब लोग मुझसे बोलते थे तो दो-तीन सवाल पूछते थे, यह जो अडानी थे। वह किसी भी बिजनेस में घुस जाता था और सफलता प्राप्त करता है, यह कैसे हो रहा है। युवा भी मुझसे पूछते थे कि हम भी जानना चाहता हैं कि यह कैसे इतने सक्सेस हो रहे हैं।



इसके बाद वह पूछ रहे थे कि यह अडानी है। वह 8 से 10 बिजनेस में काम करते हैं। सीमेंट, पोर्ट, एनर्जी और बहुत से लोग पूछते थे कि अडानी का नेटवर्थ जो 2014 से 2022 इतना ज्यादा कैसे आगे बढे। 8 बिलियन से 108 में कैसे पहुंच गए। 2014 में यह 609वें नंबर पर थे। हिमाचल में सेब की बात होती है अडानी जी, कश्मीर में सेब की बात होती है अडानी जी, एयरपोर्ट की बात होती है अडानी जी, सडक पर चल रहे है तो अडानी जी, यह इतने बिजनेस में कैसे घुस गए और कैसे सफल हो जाते हैं और इसके साथ ही इनका हिंदुस्तान के पीएम के साथ क्या रिश्ता है।

राहुल गांधी के भाषण के दौरान अलग-अलग मौकों पर खड़े होकर केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, किरेन रिजिजू एवं अर्जुन राम मेघवाल के अलावा भाजपा सांसदों रविशंकर प्रसाद और निशिकांत दुबे सहित अन्य कई नेताओं ने लोक सभा में कड़ा ऐतराज भी जताया।

प्रल्हाद जोशी ने कहा कि राहुल गांधी गलत आरोप लगा रहे हैं, उन्हें सबूतों के साथ बोलना चाहिए। किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी सदन के बाहर कुछ भी बोले , उन्हें रोक नहीं सकते लेकिन सदन के अंदर उन्हें पूरी जिम्मेदारी, गंभीरता, सबूतों और तथ्यों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी बिना किसी सबूत के हवा में अनाप शनाप आरोप लगा रहे हैं, उन्हें सदन में इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। रविशंकर प्रसाद और निशिकांत दुबे ने भी राहुल गांधी के आरोपों को पूरी तरह से गलत और झूठ बताते हुए उन्हें साबित करने की चुनौती दी। प्रसाद ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि वो भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले में अभी भी जमानत पर है तो वहीं निशिकांत दुबे ने कांग्रेस की पिछली सरकारों पर बिरला, डालमिया और टाटा को बनाने का आरोप लगाया।

# पीएफआई की देश विरोधी साजिश का खुलासा






### टारगेट किलिंग करके माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**नई दिल्ली,07 फ रवरी 2023 (ए) ।** पीएफआई माडयूल का भंडाफोड़ करते हुए एनआईए ने कई साजिशों से पर्दा उठा दिया है। एनआइए ने पीएफआई ट्रेनर सुल्तान उस्मान उर्फ याकूब के राइट हैंड बिलाल को गिरफ्तार कर लिया है। शक के आधार पर बिलाल की गिरफ्तारी मधुबन थाने के जितौरा से है। वहीं पूछताछ के दौरान उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एनआईए की जांच में एक और बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। साजिश यह है कि

जिस तरह आतंकवादी कश्मीर में टारगेट किलिंग के जरिये माहौल बिगाड़ने की साजिश रचते हैं, ठीक उसी तरह से बिहार में प्रतिबंधित पीएफआई अब सशस्त्र ट्रेनिंग की जगह महत्वपूर्ण लोगों को टारगेट कर उन्हें जान से मारने की योजना पर कार्य कर रहा है। इसके पीछे उद्देश्य यही है कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़े और धार्मिक उन्माद फैले। इसके लिए काफी समय से हथियार और गोली पहुंचाए जा रहे थे।

हरपुर किशुनी गांव के रहने वाले बिलाल से जब सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने कबूल किया कि वह पीएफआइ से जुड़ा हुआ है। याकूब उर्फ उस्मान के साथ संगठन के विस्तार में वह लगा था, उसने यह भी बताया कि मुजफ्फरपुर के बरूरात का परसौनी गांव पीएफआइ का शेल्टर है। वहां संगठन के राज्य सचिव रियाज मारूफ व ट्रेनर याकूब उर्फ सुल्तान उस्मान के साथ कई बैठकों में वह शामिल हुआ था।

## मासूम बच्ची की हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**इंदौर ,07 फ रवरी 2023 (ए) ।** मध्यप्रदेश के इंदौर की एक अदालत ने एक वर्ष की मासूम बच्ची को दुष्कर्म के इरादे से लेकर जाकर उसकी निर्मम हत्या करने के मामले में दोषी पाए गए एक अभियुक्त को आजीवन कारावास और फांसी की सजा से दंडित किया है।




न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने कल इस मामले की सुनवायी के बाद दोषी पाए गए अभियुक्त सद्दाम को आजीवन कारावास और फांसी की सजा से दंडित किया है। शहर के आजाद नगर क्षेत्र में आरोपी सद्दाम ने पांच माह पूर्व एक वर्ष की मासूम बच्ची को बुरी नीयत से उठाकर अपने घर ले गया और उसके साथ बुरा काम करने का प्रयास किया। इसी बीच बच्ची के चिल्लाने पर आरोपी ने उसकी चाकू से 29 बार गोदकर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी।

अभियोजन के अनुसार 23 सितंबर 2022 को आरोपी सद्दाम के द्वारा बच्ची को 29 बार चाकू मार कर हत्या करना पाया जाने से आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। चश्मदीद साक्षीयो के कथन लिये गये। घटना स्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्र किये जाकर प्रकरण मे पॉस्को एक्ट और आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया तथा सात अक्टूबर 2022 को प्रकरण की विवेचना पूर्ण कर विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) सुरेखा मिश्रा के न्यायालय में चालान पेश किया गया था। न्यायाधीश द्वारा मामले की सुनवायी के बाद 31 जनवरी 2023 को आरोपी पर लगाये गये सभी आरोपो को सिद्ध पाया एवं कल दोषी को विभिन्न धाराओं में आजीवन कारावास एवं मृत्यु दण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

# देश के 31 जिलों में 3 देशों के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का प्रावधान : गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली,07 फ रवरी 2023 (ए) ।** नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत केंद्र सरकार ने 31 जिलों के जिला कलेक्टरों को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को नागरिकता देने की शक्तियां प्रदान की हैं। ये नागरिकता इन देशों से आए और लंबे समय से यहां रह रहे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को दी जा रही है। गृह मंत्रालय ने लोकसभा में ये जानकारी साझा की है। लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने 31 जिलों के जिला कलेक्टरों को नागरिकता अधिनियम, 1955 की




धारा 5 के तहत पंजीकरण द्वारा और धारा 6 के तहत प्राकृतिककरण द्वारा नागरिकता प्रदान करने की अपनी शक्ति प्रत्यायोजित की है। त्रालय ने बताया कि इन जिलों में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदायों जैसे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई से संबंधित व्यक्तियों को नागरिकता दी जा सकती है। सरकार ने बताया कि इन सभी को भारत के नागरिक के रूप में पंजीकरण की अनुमति दी जा सकती है या उन्हें देश के नागरिक का प्रमाण पत्र दिया जा सकता है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक 31 जिलों में छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बलौदाबाजार, गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर, कच्छ, मोरबी, राजकोट, पाटन, वडोदरा, आनंद और मेहसाना, मध्य प्रदेश के भोपाल और इंदौर, महाराष्ट्र में नागपुर, मुम्बई, पुणे और ठाणे, राजस्थान के जोधपुर, जैसलमेर, जयपुर, जालौर, उदयपुर, पाली, सिरोही और बाड़मेर, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली के पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली, हरियाणा के फरीदाबाद और पंजाब के जालंधर जिले शामिल हैं।

## मशहूर पखावज वादक दिनेश प्रसाद मिश्र को आया हार्ट अटैक

**लखनऊ ,07 फ रवरी 2023 (ए) ।** जाने-माने पखावज वादक और यूपी संगीत नाटक अकादमी (यूपीएसएनए) से सम्मानित 67 वर्षीय दिनेश प्रसाद की लखनऊ में सनतकदा महोत्सव में प्रदर्शन के दौरान मौत हो गई। वाद्य यंत्र बजाते हुए अचानक से उन्हें हार्ट अटैक आया और स्टेज पर गिर पड़े।



लारी कॉर्डियोलॉजी सेंटर के डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि की। प्रसाद इलियास हुसैन खान, इलियास खान, श्रीकांत शुक्ला, जीशान और सिद्दीकी जैसे अन्य संगीतकारों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे।

# विक्टोरिया गौरी को जज बनाने के खिलाफ याचिका खारिज

### जज बोले- मेरा बैकग्राउंड भी पॉलिटिकल था...

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2023 (ए) ।** भाजपा की नेता रहीं एल. विक्टोरिया गौरी को मद्रास हाई कोर्ट की अडिशनल जज बनाए जाने के खिलाफ दायर अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि हम कॉलेजियम को यह आदेश नहीं दे सकते कि वह विक्टोरिया गौरी को लेकर अपनी सिफारिश पर दोबारा विचार करे। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी तो वहीं दूसरी तरफ उसी समय एल. विक्टोरिया गौरी ने जज के तौर पर शपथ ले ली।

इस मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई की विशेष पीठ ने की। अपनी दलीलों में याचिकाकर्ता ने कहा यह असाधारण मामलों में से एक है, जहां अदालत को दखल देना चहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि पात्रता और उपयुक्तता के बीच अंतर



है। अदालतों को उपयुक्तता में नहीं जाना चाहिए अन्यथा पूरी न्याय प्रक्रिया अस्त-व्यस्त हो जाएगी। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा ऐसे कई मामले हैं, जब सुप्रीम कोर्ट में भी पॉलिटिकल बैकग्राउंड के लोग जजों के रूप में नियुक्त हुए हैं। जस्टिस बीआर गवाई ने कहा कि वह खुद पॉलिटिकल बैकग्राउंड से आते हैं और बीते कई साल से जज हैं। लेकिन कभी पॉलिटिकल बैकग्राउंड का उनके काम पर असर नहीं हुआ। इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि पॉलिटिकल बैकग्राउंड पर सवाल नहीं उठाया जा रहा है,सवाल हेट स्पीच को लेकर उठाया जा रहा है। याचिकाकर्ता राजू रामचंद्रन ने भी जस्टिस आफताब आलम, जस्टिस रमा जॉइस, जस्टिस राजेंद्र सच्चर सहित कई जजों के नाम गिनाए, जिनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि रही थी। कई तो रेडिकल ऑर्गनाइजेशन से भी जुड़े थे, लेकिन वो हेट स्पीच वाले नहीं थे। लेकिन ये मामला खुले आम नफरती बयान वाला है। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि कॉलेजियम ने सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद फैसला किया है।

## विधायक दल के नेता बाला साहेब थोराट ने दिया इस्तीफा

**मुंबई ,07 फ रवरी 2023 (ए) ।** महाराष्ट्र कांग्रेस में दरार बढ़ती नजर आ रही है। खबर है कि महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। बालासाहेब थोरात ने स्पष्ट रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के साथ काम करने से इनकार कर दिया है। कहा जा रहा है कि नासिक से सत्यजीत तांबे के निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरने और चुनाव जीतने के बाद प्रदेश कांग्रेस में तनातनी तेज हो गई है। हाल ही में पार्टी के वरिष्ठ नेता थोराट ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र में मौजूदा प्रदेश प्रमुख पटोले के साथ काम करने में असमर्थता जताई थी। हालांकि, पुणे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पटोले ऐसे किसी पत्र से इनकार करते रहे। उन्होंने कहा कि इसबारे में जानकारी नहीं है।



खबर है कि थोराट ने पत्र में नजरअंदाज किए जाने का भी जिक्र किया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उन्होंने जानकारी दी है कि राज्य में होने वाले फैसलों के बारे में उन्हें जानकारी नहीं दी जाती है।

## भारत ने पाक को बताया नफरत फैलाने वाला देश,यूएनजीए में कश्मीर मुद्दे पर लगाई लताड़

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2023 (ए) ।** पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आ रहा है और लगातार कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में उठा रहा है। पाकिस्तान ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में कश्मीर राग अलापा जिसके बाद भारत ने भी उसे करारा जवाब दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि चाहे जो भी कहे या माने, संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि



हम इस प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल) से कुछ भी नए की उम्मीद नहीं करते हैं। जो भारत की धर्मनिरपेक्ष साख और मूल्यों खिलाफ असुरक्षा और नफरत से भरा हुआ है, जो भारत का आधार हैं। बता दें कि बीते साल नवंबर में भी पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे पर भारत को घेरने की नाकाम कोशिश की थी लेकिन भारत के प्रतिनिधि ने पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा को माकूल जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के हताशा से भरे प्रयास और बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग करने की बुरी आदत सहानुभूति हासिल करने की कोशिश है।

## संपादकीय

# सुधार का विकल्प नहीं

आईएमएफ के बोर्ड ने अभी सिर्फ बांग्लादेश को राहत दी है। इससे यह संकेत जरूर मिला है कि बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था की बुनियाद पाकिस्तान और श्रीलंका से अधिक मजबूत है। लेकिन बांग्लादेश को भी कठिन सुधार लागू करने ही होंगे।

इस वक्त एक ऐसी स्थिति हमारे सामने है, जब भारत के तीन पड़ोसी देश आर्थिक संकट में फंस चुके हैं। तीनों ने आस अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जोड़ी, लेकिन बोर्ड ने अभी सिर्फ बांग्लादेश को राहत दी है। इससे यह संकेत जरूर मिला है कि बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था की बुनियाद पाकिस्तान और श्रीलंका से अधिक मजबूत है। पाकिस्तान और श्रीलंका का हाल यह है कि आईएमएफ ने उनके लिए जो कर्ज मंजूर किया है, उसकी रकम भी जारी नहीं हो पा रही है, क्योंकि ये दोनों देश आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। जाहिर है, इसका एक बड़ा कारण उनकी आर्थिक बुनियाद का हिल जाना है। इस बीच इस हफ्ते आईएमएफ के बोर्ड ने बांग्लादेश को 4.7 बिलियन डॉलर का कर्ज भुगतान करने को मंजूरी दे दी। लेकिन विशेषज्ञों ने उचित चेतावनी दी है कि इस राहत से बांग्लादेश की आर्थिक मुश्किलें हल नहीं होंगी। इसलिए कि वहां भी ये समस्याएं अब काफी गंभीर रूप ले चुकी हैं। अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि आईएमएफ से मिली मदद फ़ौरी तौर पर समस्या का सिर्फ आंशिक समाधान है। वास्तिवक समाधान तो आर्थिक नीतियों में ऐसा बदलाव लाकर ही हो सकता है, जिससे वित्तीय अनुशासन कायम हो और साथ ही दीर्घकालिक विकास का रास्ता तैयार हो।

बांग्लादेश के आर्थिक इंडिकेटर मिली-जुली तस्वीर पेश करते हैं। कुछ संकेतकों से स्थिति में सुधार की झलक मिली है। मसलन, पिछले नवंबर और दिसंबर में बांग्लादेश को कुल निर्यात से होने वाली आमदनी में तेजी से सुधार हुआ। लेकिन वस्त्र के मुख्य निर्यात की स्थिति अच्छी नहीं है। पिछले महीने वस्त्र निर्यात के ऑर्डर में 30 प्रतिशत गिरावट आई। कई मोर्चों पर सरकार के सामने कठिन फैसले लेने की चुनौती बनी हुई है। लेकिन इस चुनावी साल में ऐसे निर्णय लेना प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की सरकार के लिए आसान नहीं होगा। पहले ही सब्सिडी में लगातार कटौती से गैस, केरोसीन, बिजली और पानी के शुल्कों में काफी बढ़ोतरी हो चुकी है। सरकार इस वर्ष दो किस्तों में बिजली शुल्क में दस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि कर चुकी है। लेकिन ऐसे कदम उठाने के अलावा उसके पास शायद कोई और चारा भी नहीं है।

# भाजपा को भारी पड़ेगी महिला नेताओं की नाराजगी





भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अगले लोकसभा चुनाव तक अध्यक्ष पद का कार्य विस्तार मिल चुका है। अगले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नड्डा ने अपने संगठन को पुनर्गठित और चुस्त-दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व जम्मू कश्मीर सहित दस प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव होने हैं। जिनके नतीजों से पता चल जाएगा कि अगले लोकसभा चुनाव में कौन सी पार्टी केंद्र में सरकार बना सकेगी।

चुनावों वाले दस राज्यों से लोकसभा की कुल 121 सीट आती है। ऐसे में ऐसे में जिस पार्टी की भी सरकार इन प्रदेशों में बनेगी स्वाभाविक ही है कि लोकसभा चुनाव में भी उसी पार्टी का अधिक प्रभाव दिखेगा। हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद अपने गृह प्रदेश हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार को नहीं बचा सके और वहां पर कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने में कामयाब हो गई। इससे लगता है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नड्डा शायद ही कुछ करिश्मा दिखा पाए। पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इर्द-गिर्द ही रहता लग रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के नेता अभी से अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट चुके हैं। अगले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भी ही पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर किसी नए नेता को लाने की बजाय जेपी नड्डा को ही रखने का फैसला किया है। भाजपा का मानना है कि नड्डा की पूरी टीम का सेटअप बना हुआ है। ऐसे में नए सिरे से संगठन बनाने में काफी समय निकल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशभर में अपने दौरे करने शुरू कर दिए हैं। भाजपा के नेता पूरी तरह चुनावी मूड में नजर आने लगे हैं। पार्टी तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का सपना देख रही है। ऐसे में भाजपा की ही कुछ बड़ी महिला नेताओं की नाराजगी आने वाले चुनाव में भाजपा को भारी पड़ सकती है।

राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे सिंधिया पिछले लंबे समय से राजस्थान में खुद को नेता घोषित करने की मांग करती आ रही है। वसुंधरा राजे चाहती है कि दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी उन्हें नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़े। मगर भाजपा आलाकमान ऐसा करने के मूड में नहीं लगता है। वर्तमान में वसुंधरा राजे भाजपा की राजनीति में हाशिए पर है। कहने को तो उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। मगर सक्रिय राजनीति में उनकी कोई भूमिका नजर नहीं आ रही है।

राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा राजे का कद बहुत बड़ा माना जाता है। विशेषकर भाजपा में तो वसुंधरा राजे के कद का कोई दूसरा नेता नहीं है। वही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में लगातार दूसरी बार कांग्रेस की सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। राज्य कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश देकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर्मचारी वर्ग में खासे लोकप्रिय हो रहे हैं। माना जा रहा है कि गहलोत द्वारा पेश किए जाने वाला राजस्थान का अगला बजट भी काफी लोक लुभावना होगा। ऐसे में गहलोत का मुकाबला करने में वसुंधरा राजे ही सबसे उपयुक्त नेता है।

राजस्थान भाजपा का संगठन पूरी तरह वसुंधरा विरोधी नेताओं से भरा पड़ा है। वर्तमान परिस्थितियों में तो वसुंधरा समर्थक कई मौजूदा विधायकों को भी टिकट मिलना संदिग्ध नजर आ रहा है। अंदर खाने चर्चा है कि वसुंधरा समर्थक अपने नेता पर अलग दल बनाकर चुनाव में उतरने का दबाव डाल रहे हैं। हालांकि वसुंधरा राजे देखो और इंतजार करो की नीति पर चल कर आलाकमान का मूड भांपने का प्रयास कर रही है।

मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शिवराज सिंह चौहान सरकार पर लगातार हमलावर हो रही है। शराबबंदी के बहाने उमा भारती लगातार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेर रही है। राजनीति में खुद को हाशिए पर डाले जाने से नाराज उमा भारती भाजपा आलाकमान से बहुत नाराज है। उमा भारती का मानना है कि उन्होंने ही मेहनत कर दस साल से मध्यप्रदेश में शासन कर रही कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार को उखाड़ फेंका था। जिसके बाद उनको मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री तो बनाया गया था। मगर एक अदालती फैसले के कारण उनको पद छोड़ना पड़ा था। बाद में उन्हें मुख्यमंत्री बनने का फिर से मौका नहीं दिया गया। शिवराज सिंह चौहान एक बार मुख्य बनने मंत्री बनने के बाद कुर्सी से ऐसे चिपके कि लगातार चौथा कार्यकाल में भी वही मुख्यमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उमा भारती को केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव में उनका टिकट काट दिया गया। उसके बाद से वह लगातार अपने राजनीतिक पुनर्वास का प्रयास कर रही है। मगर उन्हें राजनीति में कहीं भी एडजेस्ट नहीं किया गया। इससे उमा भारती बहुत नाराज नजर आ रही है और अपनी नाराजगी का खुलकर इजहार भी कर रही है। उमा भारती शराबबंदी के लिए आंदोलन करने का एलान करने के साथ ही शराब दुकान पर पत्थर तक फेंक चुकी हैं। गत दिनो उन्होंने लोधी समाज के कार्यक्रम में कहा था कि वह समाज के लोगों से बीजेपी को वोट देने के लिए नहीं कहेंगी। उन्होंने कहा कि समाज वोट देते वक्त अपने हितों का ख्याल जरूर रखें।

आठवीं बार की सांसद मेनका गांधी भी भाजपा आलाकमान से बहुत खफा नजर आ रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मेनका गांधी व उनके सांसद पुत्र वरूण गांधी में से किसी को भी मंत्री नहीं बनाया गया। इतना ही नहीं उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय परिषद से भी हटा दिया गया। मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी तो लगातार केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ खुलकर बयान बाजी कर रहे हैं। 2017 में मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। मगर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बना दिया गया था। उसके बाद से ही वरुण गांधी पार्टी लाइन से दूर होते जा रहे हैं।

सबसे वरिष्ठ सांसद होने के बाद भी मेनका गांधी को इस बार मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने से वह खुद को पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रही है। पिछले कुछ समय से मीडिया में लगातार इस बात की चर्चा हो रही है कि वरुण गांधी ने अपने चचेरे भाई राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से भी कांग्रेस में शामिल होने पर चर्चा की है। हालांकि राहुल गांधी ने कह दिया है कि वरुण गांधी की विचारधारा हमारे से अलग है और वह जहां है वहीं रहकर राजनीति करें।

भाजपा की कद्दावर नेता वसुंधरा राजे सिंधिया, उमा भारती, मेनका गांधी की नाराजगी का असर अगले चुनावों में देखने को मिल सकता है। भाजपा आलाकमान को समय रहते उनके गिले-शिकवे पर चर्चा कर उनका समाधान करना चाहिए। तीनों ही महिला नेता अपने-अपने प्रदेशों की राजनीति में प्रभावशाली तो है ही इनके साथ बड़ा समर्थक वर्ग भी जुड़ा हुआ है। इनकी नाराजगी से भाजपा द्वारा केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का सपना कहीं सपना ही बनकर नहीं रह जाये। इस बात का भाजपा आलाकमान को अहसास होना चाहिये।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

# अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर छत्तीसगढ़ का सिरपुर
## ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्ता के कारण है आकर्षण का केंद्र

- » ईंटों से बना हुआ प्राचीन लक्ष्मण मंदिर आज भी यहाँ का दर्शनीय स्थान
- » उत्खनन में यहाँ पर पाए गए हैं प्राचीन बौद्ध मठ
- » सिरपुर महोत्सव में दिखती है कला व संस्कृति की अनोखी झलक




सिरपुर छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में महानदी के तट स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। इस स्थान का प्राचीन नाम श्रीपुर है यह एक विशाल नगर हुआ करता था तथा यह दक्षिण कोशल की राजधानी थी। सोमवंशी नरेशों ने यहाँ पर राम मंदिर और लक्ष्मण मंदिर का निर्माण करवाया था। ईंटों से बना हुआ प्राचीन लक्ष्मण मंदिर आज भी यहाँ का दर्शनीय स्थान है। उत्खनन में यहाँ पर प्राचीन बौद्ध मठ भी पाये गये हैं।

अंतराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर सिरपुर अपनी ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्ता के कारण आकर्षण का केंद्र हैं। यह पांचवी से आठवीं शताब्दी के मध्य दक्षिण कोसल की राजधानी थी। सिरपुर में सांस्कृतिक एंव वास्तुकौशल की कला का अनुपम संग्रह हैं। भारतीय इतिहास में सिरपुर अपने धार्मिक मान्यताओ और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण आकर्षण का केन्द्र था और वर्तमान में भी ये देश विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

**सिरपुर महोत्सव का आयोजन**

सिरपुर के एतिहासिक महत्व को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से प्रत्येक वर्ष यहां पर सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाता है। छत्तीसगढ़ के विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल सिरपुर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का हर किसी को इंतजार रहता है। रविवार को खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का शुभारंभ करते हुए सभी प्रदेश वासियों को माघी पूर्णिमा सिरपुर महोत्सव की शुभकामनाएं दी हैं।

**गंधेश्वर महादेव का मंदिर**

सिरपुर का एक अन्य मंदिर गंधेश्वर महादेव का है। यह महानदी के तट पर स्थित है। इसके दो स्तम्भों पर अभिलेख उत्कीर्ण हैं। कहा जाता है कि चिमणाजी भौंसले ने इस मन्दिर का जीर्णोद्धार करवाया था। सिरपुर से बौद्धकालीन अनेक मूर्तियाँ भी मिली हैं। जिनमें तारा की मूर्ति सर्वाधिक सुन्दर है। सिरपुर का तीवरदेव के राजिम-ताम्रपट्ट लेख में उल्लेख है। 14वीं शती के प्रारम्भ में, यह नगर वारंगल के ककातीय नरेशों के राज्य की सीमा पर स्थित था। 310 ई. में अलाउद्दीन ख़िलिजी के सेनापति मलिक काफ़ूर ने वारंगल की ओर कूच करते समय सिरपुर पर भी धावा किया था, जिसका वृत्तान्त अमीर खुसरो ने लिखा है।

**आधुनिकता के दौर में बौद्ध विरासत, लोककला एवं संस्कृति का केंद्र**

सिरपुर महोत्सव आधुनिकता के दौर में भी अपनी प्राचीन संस्कृति और भव्यता को बनाये हुए है। युवा पीढ़ी को यहाँ की बौद्ध विरासत तथा लोककला एवं संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। सिरपुर लोगों की आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है जिसे देखने और महसूस करने के लिए देश विदेश से लोग यहां पहुंचते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में हर तरफ विकास के काम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य के लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए योजना बनायी है जिससे स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन मिल रहा है।

**मनोज सिंह**

# रूस ने भारत को किया सतर्क

रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिका और पश्चिमी देशों के मंसूबों को लेकर सतर्क किया है। रूस विदेश मंत्री सग्रेई लावरोव ने अपने हाल के इंटरव्यू में कहा है कि लोकतंत्र बनाम तानाशाही के नाम पर अमेरिका रूस के विरुद्ध नया मोर्चा खोल रहा है। बीबीसी और अडानी प्रकरण ने अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग के खुलासे के बीच लावरोव की यह चेतावनी सामने आई है। रूस के विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन के प्रचार तंत्र के मुख्य हथियार बीबीसी की गुजरात संबंधी डाक्यूमेंट्री के बारे में कहा था कि यह 'सूचना युद्ध' का हिस्सा है। हिंडनबर्ग खुलासे के बारे में रूस की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लेकिन वहां के विशेषज्ञों के अनुसार यह एक 'आर्थिक युद्ध' का हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक हलकों में यूक्रेन युद्ध के बारे में भारत की तटस्थ भूमिका और रूस के प्रति समर्थन के प्रकाश में बीबीसी और हिंडनबर्ग खुलासे की समीक्षा की जा रही है।

विदेश मंत्री लावरोव ने अपने इंटरव्यू में अमेरिकी राष्टपति जो बाइडेन के आगामी मार्च महीने में दूसरी 'लोकतंत्र शिखर वार्ता' (डेमोक्रेसी समिट) का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि इस शिखर वार्ता के जरिये अमेरिका लोकतंत्र बनाम तानाशाही के आधार पर रूस और चीन के खिलाफ नई अंतरराष्ट्रीय लामबंदी कायम करने की कोशिश में है।

शिखर वार्ता रूस, चीन, ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों के खिलाफ तथाकथित लोकतांत्रिक देशों को एकजुट करने की फिराक में हैं। लावरोव ने यह भी कहा कि इस शिखर वार्ता में एक घोषणापत्र भी जारी किया जा सकता है, जिसमें रूस और चीन के खिलाफ रणनीति का जिक्र होगा। लावरोव ने कहा कि इस शिखर वार्ता में शामिल होने वाले देशों के नाम बाइडेन प्रशासन ने खुद तय किए हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि सूची में अनेक ऐसे देशों के नाम हैं जिन्हें अमेरिका गैर लोकतांत्रिक मानता रहा है।

'लोकतंत्र शिखर वार्ता' में भारत को भी भाग लेना है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत का ऐसे किसी आयोजन में भाग लेना स्वाभाविक है लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि पश्चिमी देशों के सत्ता-प्रतिष्ठान, थिंक टैंक और मीडिया भारत को पूरी तरह लोकतांत्रिक देश नहीं मानते। अमेरिकी थिंक टैंक फ्रीडम हाउस ने पिछले दिनों भारत को आंशिक रूप से लोकतांत्रिक देश करार दिया था। इसी तरह एक अन्य थिंक टैंक ने प्रधानमंत्री मोदी को 'निर्वाचित तानाशाह' की संज्ञा दी थी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के लिए जी-20 शिखर वार्ता के आयोजन वर्ष में इस भारत विरोधी दुष्प्रचार का सामना करना बड़ी चुनौती साबित होगा। यह समय मीठी-मीठी बातें बोलने का नहीं बल्कि खरी-खोटी सुनाने का है।

हिंडनबर्ग खुलासे के संबंध में मीडिया के आलेख आंख खोलने वाले हैं। न्यूयार्क टाइम्स, फाइनेंशियल टाइम्स, फोर्ब्स, ब्लूमबर्ग और टाइम जैसे प्रभावशाली पत्र-पत्रिकाओं के आलेख ऐसे हैं मानो किसी एक व्यक्ति ने उन्हें लिखा हो। सबसे अधिक चौंकाने वाला तथ्य यह है कि इन आलेखों में गौतम अडानी से अधिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाया गया है।

आलेख कापरेरेट जगत की हेराफेरी और वित्तीय नियामक संस्थाओं की असफलता तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इनमें भारत की विकास यात्रा को भी खारिज करने की कोशिश की गई है। इन आलेखों में गुजरात दंगों, अडानी-मोदी की सांठगांठ और भारत की विकास यात्रा के खोखलेपन वाली तस्वीर पेश की गई है। पश्चिमी देशों की सरकारें मोदी और जयशंकर को यह दिलासा दे सकती हैं कि यह सब उनकी आधिकारिक राय नहीं हैं, लेकिन हकीकतहै कि इस पूरे घटनाक्रम से भारत की छवि और विकास यात्रा को घातक नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

**डॉ. दिलीप चौबे**

# भारत में विदेशी शिक्षण संस्थानों की डिग्री

विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए भारत में परिसर स्थापित करने की दिशा में कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इसके लिए नियम जारी किए हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने के लिए यूजीसी से मंजूरी लेनी होगी, वहीं उन्हें दाखिला प्रक्रिया तथा शुल्क ढांचा तय करने की छूट होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अनुसार विदेशी विश्वविद्यालय केवल परिसर में प्रत्यक्ष कक्षाओं के लिए पूर्णकालिक कार्यक्रम पेश कर सकते हैं, ऑनलाइन माध्यम या दूरस्थ शिक्षा माध्यम से नहीं। प्रारंभ में इन्हें 10 साल के लिए मंजूरी दी जाएगी भारत में परिसर स्थापित करने वाले विदेशी विश्वविद्यालयों को अपनी स्वयं की प्रवेश प्रक्रिया तैयार करने की छूट होगी। ये संस्थान शुल्क ढांचा तय कर सकते हैं। इसमें एक श्रेणी उन संस्थानों की होगी जो सम्पूर्ण रूप से शीर्ष 500 संस्थानों की सूची। में होंगे और दूसरे गृह क्षेत्र में उत्कृष्ट दर्जे वाले संस्थान होंगे। विदेशी संस्थानों को भारत और विदेशों से शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की छूट होगी।

विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में शिक्षा उपलब्ध कराने की अनुमति देना हालांकि एक बुरा कदम नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इससे जुड़े कुछ चुनिंदा पहलुओं को भी विचारना होगा। सबसे पहले यह विचार करें कि विदेशी विश्वविद्यालयों को देश में लाने की जरूरत क्यों हुई है? पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर हमारे देशी विश्वविद्यालय गुणात्मक उच्च शिक्षा के विश्व स्तर पर मानदंड स्थापित करने में कामयाब नहीं हुए हैं। हमारे उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने वाले संस्थान, सिवाय आईआईटी और आईआईएम के शेखी तो बघारते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैठ नहीं जमा पाए हैं। परंतु हम सब खुद को मनोवैज्ञानिक तसल्ली देने के लिए कह सकते हैं कि हमारा देश वही भारत है जहां कभी विदेशों से बहुत ही मेधावी छात्र और विद्वान ज्ञान प्राप्ति के लिए नालंदा और तक्षशिला जैसे देशी विश्वविद्यालयों में आते थे, पर अब तो अफ्रीका जैसे अत्यंत गरीब देशों से या फिर पड़ोसी मुल्कों से कुछ गरीब छात्र हमारे विश्वविद्यालयों में देखे जाते हैं। ऐसी स्थितियां क्यों हैं कि विदेशी विश्वविद्यालयों को हमारी उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए आना पड़ रहा है या फिर हम उनके लिए अपने द्वार खोल रहे हैं। हमें विवेचना करनी होगी कि हमारे पास देशी विश्वविद्यालयों की अकादमिक गुणवत्ता सुधारने के लिए किस तरह की कार्य योजना है? यदि नहीं है तो इस पर तुरंत काम होना चाहिए और संबंधित सिस्टम को काम करना चाहिए। आज देश के लाखों मेधावी छात्र उच्च शिक्षा हासिल करके अपनी काबीलियत को साबित करना चाहते हैं, लेकिन प्रशासनिक हस्तक्षेप का शिकार और बुद्धिजीवी क्षमताओं पर समझौता करने वाले अनेक देशी विश्वविद्यालय उनकी पसंद नहीं हैं। ऐसा क्यों है? मेड इन इंडिया को उच्च शिक्षा में प्रोत्साहित करने के लिए इस पर गहन चिंतन और वांछित कदमों की जरूरत है। हमें महसूस करना चाहिए कि देश के बेहतर उच्च शिक्षा के चाहवान गरीब छात्र महंगी विदेशी ब्रांडेड शिक्षा का आर्थिक बोझ नहीं उठा सकते हैं। अनेक राज्यों में तो किसानों के बच्चे अपनी पारिवारिक कृषि भूमि बेच कर बाहर शिक्षा प्राप्त करने जा रहे हैं। ऐसा देखने में आ रहा है कि विदेशी धरती पर पढने जाना काफी देशी छात्रों के लिए विदेशों में काम के जरिये डॉलर कमाने का रास्ता है। देश का कीमती फरिन एक्सचेंज इन विदेशी शिक्षा संस्थानों को अदा करने से बाहर जा रहा है और इससे देश की आर्थिक हालत दबाव में आती है। इससे देश में सामाजिक असंतुलन पैदा हो रहा है जिसे हम नजरअंदाज कर रहे हैं। क्या विदेशी विश्वविद्यालयों की देश में मौजूदगी इन छात्रों के विदेश जाने की मुहिम रोक सकेगी? और विदेशी मुद्रा का बाहर जाना कम कर सकेगी? कहना न होगा कि लार्ड मैकाले की कुत्सित सोच पर आधारित शिक्षा मॉडल ने हमारे देश को विदेशी शिक्षा संस्कृति की मानसिक गुलामी दे रखी है। इसके सामने आज भी हम नतमस्तक हैं, क्योंकि हमारे पास कोई वैकल्पिक मॉडल नहीं है जिसके कारण इसके गलत प्रभाव हम आज तक भुगत रहे हैं। पाश्चात्य शिक्षा मॉडल्स ने बुनियादी भारतीय शिक्षा मॉडल की मौलिकता लगभग खत्म कर डाली है। अब प्रश्न यह भी है कि क्या विदेशी विश्वविद्यालय हमारे देश की शिक्षा जरूरतों के लिए मुफीद साबित होंगे या फिर विदेशी परफ्यूम की खुशबू की तरह साबित होंगे? क्या इनकी शिक्षा हासिल करने वाले छात्र शिक्षा हासिल करने के बाद डॉलर कमाने के चक्कर में बाहर का रुख नहीं करेंगे? और तो और, क्या ये देश के हितों के प्रति संवेदनशील होंगे? क्या इनसे शिक्षा हासिल करने वालों के लिए हमारे पास पर्याप्त आर्थिक मौके होंगे? इन सब बातों को विचारने की जरूरत है। पाश्चात्य मूल्यों से प्रभावित शिक्षा के ब्लू प्रिंट्स ने भारतीय नैतिक मूल्यों को सही स्थान नहीं दिया है और इन मूल्यों को कमजोर करने का काम किया है। इस बात से कौन इनकार करेगा कि देश का छात्रों के रूप में बहुमूल्य शैक्षणिक धन देश के ही काम आना चाहिए। क्या विदेशी विश्वविद्यालयों का मकसद शिक्षा को एक व्यापारिक उत्पाद के रूप में पेश करना होगा या फिर शिक्षा उनके लिए सामाजिक और कल्याणकारी उत्पाद होगा जो कि देसी शिक्षा संस्थानों में भी कम हो रहा है ।

**अजय दीक्षित**

## युवाओं की झोली भर दो

सरकारी पद पड़े जो खाली देश में,
उसको भर दो ए देश की सरकार,
बेरोज़गारी कम होगी देश में हमारे,
युवाओं को मिल पाऐगा रोज़गार ,
वादे जो तुमने किये सत्ता में आकर,
वो भी कुछ पुरे हों जाएंगे,
उम्मीद जगी थी जो युवाओं में,
उनके चेहरे, दिल भी खिल जाएंगे,
मजबूत होंगे जनता के संस्थान,
सरकार भी मजबूती पाऐगी,
ना करो देश का प्राइवेटाइजेशन,
देश की सम्पत्तियां बिक जाएंगी,
शिक्षा,स्वास्थ बस मुफ्त तुम कर दो,
हर घर रोशनी से यहाँ तुम भर दो,
देकर रोज़गार युवाओं को देश में
उनकी झोली ए मेरी सरकार भर दो

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटन



**रामेश्वर दास भान**
करनाल
हरियाणा

## ये मुर्दों की बस्ती है

नहीं यहाँ किसी की हस्ती है
अरे ! ये मुर्दों की बस्ती है ।
संभलकर आना जाना यहाँ
इंसान जीवित है यहाँ कहाँ
मुर्दों से क्या रखोगे आशा
हाथ लगेगी केवल निराशा
राख होने को इनकी बस्ती
शीश पे चढ़ी फिर भी मस्ती
नहीं यहाँ किसी की हस्ती है
अरे ! ये मुर्दों की बस्ती है ।
मिलना है तो ढूंढो शमशान
रहते नहीं ये अपना मकान
जहाँ भूत पिशाच का डेरा
चारों ओर है घना अंधेरा
स्वयं इनकी पहचान नहीं
चूँकि ये जीवित इंसान नहीं
जाने कैसी बूतपरस्ती है
अरे ! ये मुर्दों की बस्ती है ।
भूप बनने का अधिकार
जो है इनका मताधिकार
जिसकी इन्हें पहचान नहीं
इन्हें एकता का ज्ञान नहीं
अन्यथा शीश पे ताज होते
रंक सा जीवन ये न जीते
फिर भी कैसी सरपरस्ती है
अरे ! ये मुर्दों की बस्ती है ।
बैठे इनके जीवन तरु पर
गिद्धों का झुंड है आकर
नोंच नोंच कर इनका तन
सतत् कर रहे सारे दमन
सब कुछ सहकर मौन है
जानते नहीं अंततः कौन है
डूब चुकी जीवन कश्ती है
अरे! ये मुर्दों की बस्ती है ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**डिकेश दिवाकर**
जांजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

## बिखरे हुये लफ्जों के फसाने

कुछ टूटी उम्मीदें वो अफ़सानें याद आए
तेरी भीगी आखों के वो मैख़ाने याद आए
मिल जाती हर एक शै पे तुमसे ये निगाहें
बिखरे हुये लफ़्ज़ों के वो फ़साने याद आये
बाकी नहीं है उम्र कुछ नज़र करें तो क्या
अश्कों से हैं लबरेज़ ये पैमाने याद आये
जाज़िब तेरी शख्सियत शाईस्तगी तेरी
भीगे हुये होठों के वो तराने याद आये
छूकर गुज़रती है सबा चौखट को जब तेरें
उठती है महक रुह वो ठिकाने याद आए

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

## ख़ुदा का फ़ैसला

मिले गुलशन तुम्हें होंगे
न हमने ख़ार पाए हैं
हुए हम मुत्मइन हैं, बस!
तुम्हें चाहे ख़ला होगा
बुरा ना मानते हैं हम
ज़माने की बुराई से
बुरा दुनिया करे तो भी
हमारा ही भला होगा
जहाँ न यक़ीं करे जहां
हमारी सच्ची बातों का
वहीं समझो शुरू, अख़लाक़ी
का इक सिलसिला होगा
कोई तन्हा न रह जाए
सफ़र की राहें लम्बी हैं
कहीं पर भी चलेंगे हम
वहीं इक क़ाफ़िला होगा
निगाहों पर थमी शबनम
जहाँ जिस पल बरस जाए
वहाँ पुरनूर जन्नत का
कोई रस्ता मिला होगा
इक दिन तुम भी देखोगे
हमारे मुंसिफ-ए-फ़ाज़िल
तुम्हारे कटघरे होंगे
ख़ुदा का फ़ैसला होगा

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## तिजारत

अपने दौलते दिल की
तिजारत हम न करेंगे।
गर मोहब्बत सौदा है
मोहब्बत हम न करेंगे।
शबे हिज्र में दिल को
बेकरार करते हैं,
फिर उसी बेवफ़ा पे
ऐतबार करते है,
पता है न आएगें कभी
मगर जाने क्यूं,
हम हर शब उनका इंतजार करते हैं,
यही शिकवा है मगर
शिकायत हम न करेंगे।
हादसों का
अजीब दौर आया जिदगी में,
रफ्ता रफ्ता रो पड़े जश्ने खुशी में,
उनकी शरारत ने
अजीब रंग दिखाया,
मेंरी जान पे बन आई दिल्लगी में,
कभी तो कहोगे अब ऐसी शरारत
हम न करेंगे।
गमें हस्ती मुझ से
क्या है अदावत तेरी,
जरा खुल के कह
क्या है हसरत तेरी,
गम हो या कि खुशी आंसू ही मिले,
चश्में पुरआब
क्या है सियासत तेरी,
ठुकरा देंगे जिंदगी से
उल्फत हम न करेगे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

## शोर

इस सन्नाटे में मेरे अंदर क्यूँ हो रहा
एक शोर सा
है उजाला फिर भी मन में अंधेरा
बड़ा घनघोर सा
हूँ किसी राह पे खड़ा पर जाने क्यूँ
थमा सा हूँ मैं?
जाने किसका है मुझे इंतेज़ार क्यूँ
खोया सा हूँ मैं?
दिल में अब हो रहा इकट्ठा बातों का
एक ढेर सा
ढेरों हैं सवाल,ना मिलता कोई जवाब
आसान सा
दिल और दिमाग में आज भी दिल
की सुनता हूँ मैं
टूटता हूँ अक्सर फिर भी यही गलती
दोहराता हूँ मैं
अपनों में अब नज़र नहीं आता
अपनापन पहले सा
जज़्बातों को जैसे सभी ने बना
लिया एक खेल सा
हर गैर को अपना समझ, दिल खोल
के मिलता हूँ मैं
अपनों को,अपना बनाने की हमेशा
जुगत करता हूँ मैं

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों ने दिया धरना

- संवाददाता -
अंबिकपुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर शहर के गांधी चौक स्थित डाटा सेंटर के सामने धरना प्रदर्शन किया। उचित मूल्य दुकान संचालकों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालक विक्रेताओं ने बताया कि समस्त राशन विक्रेताओं को 30 हजार रूपये मानदेय देने की व्यवस्था कराई जाए अथवा 300 रुपये प्रति क्विंटल सभी मदों में प्रदाय कि जाए। सहयोगी तौलक को कलेक्टर दर से मजदूरी भुगतान हेतु पहल कि जाए। भवन विहिन दुकानों को भवन किराया शासन से प्रदाय किया जाए। सभी कमीशन की राशि प्रतिमाह प्रदाय कि जाए। माह नवम्बर 2022 में बिना पूर्व सूचना के भौतिक सत्यापन किए बगैर छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न कटौती किया जाना न्याय संगत नहीं है। वर्ष 2016-17 में वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए टेबलेट के द्वारा वितरण व्यवस्था लागू की गयी व बिना ट्रेनिंग दिए वितरण व्यवस्था को लागू किया गया। जिसके फल स्वरूप विक्रेताओं को टेबलेट से वितरण व्यवस्था में तकनीकी समस्यों का सामना करना पड़ा। सर्वर



की समस्या होने पर ऑफ लाइन वितरण कराया गया नेटवर्क के अभाव में अपलोड नहीं हुआ। वस्तु स्थिति अनुसार मैनुअल वितरण व्यवस्था कराया गया। जो की टेबलेट में शेष स्कंध दिखाई दे रहा है। अन्य योजनाओं का सामग्री एंट्री नहीं होना एवं पूर्व संचालक एजेंसी द्वारा खाद्यान्नों का सूपूर्तगी नहीं करना जो वर्तमान में शेष स्कंध में प्रदर्शित होना दर्शाता है। हमारी मांग है माह फरवरी 2022 के पूर्व शेष स्कंध को शून्य घोषित की जाए जबसे इपॉस चालू हुआ है उस बचत स्टॉक को किस्तों में समायोजन की व्यवस्था कराई जाए। सहित अन्य मांगें शामिल है। बंद हो ई-पॉस मशीन से कांटा कनेक्टीविटी पूर्णतः बंद हो। सर्वर बंद होने पर हितग्राहियों और विक्रेताओं के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। प्रदेश में लगातार समस्या आ रही है क्योंकि एक राशन कार्ड में 4 बार एंट्री, तौल करने पर 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है जब से कांटा कनेक्टीविटी हुई है तब से सर्वर की समस्या लगातार बनी हुई है जिसके कारण वितरण व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गया है। इसलिये कांटा कनेक्टीविटी को पूरी तरह से बंद किया जाए और एक ही फिंगर से खाद्यान्न सामग्रियों की इपॉस मशीन में पुष्टि की व्यवस्था किया जाए ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से क्रियांवयन हो सके।

# सड़क बनने से नगरवासियों को मिल रही राहत,धूल से मिली निजात

- सोनू कश्यप -
प्रतापपुर, 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



प्रतापपुर शहर के लोग सड़क में गड्ढों और धुल से परेशान थे लेकिन अब उन्हें गड्ढों के साथ धूल से निजात मिल रही है।स्थानीय विधायक और मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह के प्रयास से नगर केअंदर चारों ओर पुरानी सड़क में डामर की मोटी परत चढ़ाई जा रही है।सड़क निर्माण की निगरानी कर नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी ने बताया कि वर्तमान में प्रतापपुर से भैयाथान तक सड़क निर्माण हो रहा है।नगर के अंदर भी चारो ओर पीडब्ल्यूडी की सड़क है लेकिन कई वर्षों से इनका नवीनीकरण नहीं हुआ था जिस कारण सड़को में गड्ढों हो रहे थे,धूल से लोग परेशान थे।चूंकि पीडब्लूडी द्वारा अब भैयाथान सड़क बनाई जा रही है,उन्होंने मंत्री से निवेदन किया था कि शहर की सड़क भी बनाने पीडब्ल्यूडी को निर्देशित करें।सड़क की स्थिति को देखते हुए तथा नगरवासियों को राहत पहुंचाने डॉ प्रेमसाय सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया था जिसके बाद नगर की सभी मुख्य सड़कों में डामर की मोटी परत चढ़ाई जा रही है जिससे लोगों को काफी राहत मिल रही है।

### भैयाथान तक बन रही सड़क और नालियां

प्रतापपुर से भैयाथान तक कुछ वर्ष पहले सड़क बनी थी लेकिन घटिया निर्माण के कारण इसकी स्थिति दयनीय हो गई है और चलना मुश्किल है।स्थिति यह है कि प्रतापपुर से लोग सूरजपुर जाने इस रास्ता का प्रयोग न कर भटगांव भैयाथान होकर जाते हैं।अब लोगों को राहत पहुंचाने प्रतापपुर से भैयाथान तक सड़क निर्माण का काम शुरू हो गया है।विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सड़क के लिए करीब 32 करोड़ की स्वीकृति शासन से मिली है।इसके तहत जहां पर ज्यादा सड़क खराब है वहां नए सिरे से बनाई जाएगी तथा जहां कम खराब है वहां डामरीकरण किया जाएगा।अभी सरहरी से प्रतापपुर के बीच लगभग हिस्सा पूरा कर लिया गया है,सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है।बताया जा रहा है कि इसी टेंडर में कई जगह छोटे बड़े पूल पुलियों का निर्माण भी होना है।बरहाल कई सालों से सड़क की स्थिति के कारण तकलीफ उठा रहे लोगों के लिए सड़क निर्माण राहत लेकर आ रही है।

# दो करोड़ों से अधिक का संपत्ति व समेकित कर बकाया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



अंबिकापुर नगर निगम की स्थिति काफी खस्ताहाल है। खस्ताहाल स्थिति के कारण नगर निगम समय पर अपने कर्मचारियों को वेतन तक नहीं दे पा रही है। वहीं शहर के एसे कुछ लोग हैं जिनका संपत्ति व समेकित कर लाखों रुपए पिछले कई वर्षों से बाकी है। नगर निगम आयुक्त ने शहर के 148 ऐसे लोगों को लिस्ट जारी कीं हैं जिनका संपत्ति व समेकित कर 50 हजार रुपए से अधिक का कर बाकी है। कुछ ऐसे लोग हैं जिनका 3 से 4 लाख रुपए तक कर बकी है। नगर निगम के अनुसार संपत्ति व समेकित कर दोनों मिलाकर 2 करोड़ से अधिक का बकाया बताया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इन बकाएदारों को पिछले कई बार नोटिस दिया जा चुका है। इसके बाद भी कर पटाने के प्रति रूची नहीं दिखा रहे हैं। ऐसी स्थिति में नगर निगम आयुक्त ने नोटिस जारी कर भवन स्वामियों को अवगत कराया है कि ऐसे भवन स्वामी जिनके द्वारा विगत 3 या उससे अधिक वर्षों से संपत्ति, समेकित कर का भुगतान नहीं किया गया है, कार्यालय द्वारा उन्हें समय-समय पर बिल नोटिस, डिमाण्ड नोटिस एवं लोक अदालत आयोजित कर भुगतान हेतु सूचना भी प्रेषित की गई। तदोपरान्त भी भवन स्वामियों द्वारा संपत्ति, समेकित कर का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे भवन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि 11 फरवरी के पूर्व कार्यालय नगर पालिक निगम के राजस्व शाखा या संबंधित वार्ड प्रभारी से संपर्क कर संपत्ति, समेकित कर का भुगतान कर देंवे। अथवा 11 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाली लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने बकाया करों का भुगतान करे। भुगतान नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## ओल्ड पेंशन स्कीम पर भूपेश सरकार की मंशा अस्पष्टः अभिषेक शर्मा

- संवाददाता -
अंबिकपुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा जारी ओल्ड पेंशन स्कीम की अधिसूचना छ.ग. में कर्मचारियों के लिये अस्पष्ट नियम एंव दिशा निर्देष का पुलिंदा हो गया। शासन द्वारा




ओपीएस के संबंध में लिया गया यह फैसला राजनीति से प्रेरित छलावा है, उलझे हुए भ्रामक आदेश को कर्मचारी समझ भी नहीं पा रहे है कि उन्हें क्या करना चाहिए। उपरोक्त कथन करते हुए जिला सह कोषाध्यक्ष भाजपा सरगुजा के सह कोषाध्यक्ष एवं टैक्स अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने कहा कि 2004 से निरतंर लागू एन पी एस को किनारे करते हुए ओल्ड पेंशन स्कीम पर कर्मचारियों से मांगा जा रहा शपथ पत्र कर्मचारियों की मानसिकता पर भी प्रश्न खडा कर रहा है , कि क्या सही है एंव क्या गलत।

# चोरों का नहले पर दहला..... बर्तन दुकान से किया हाथ साफ

» दूसरी घटना में पहले मांगी गुनाहों की माफी फिर दिया चोरी को अंजाम,

सूरजपुर, 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



तू डाल तो हम पात की तर्ज पर इन दिनों चोर पुलिस को चुनौती पर चुनौती दे रहे है।कोतवाली के सामने दो दुकानों में हुई चोरी का खुलासा कर पुलिस पीठ थपथपा ही रही थी कि फिर रात में चोरो ने घटना को अंजाम देकर पुलिस को अपनी सक्रियता का एहसास कराया है और यह भी जताने की कोशिश की है कि रात्रि गश्त में कोई दम नही है। बीती रात नगर मेन रोड स्थित महामाया बर्तन भंडार में एक नकाबपोश चोर ने दबिश दी और गल्ले में रखा दस हजार रुपए नगद पार कर दिया है।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है।यह घटना सीसी टीवी में कैद है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है।इधर मस्जिद गली में भी इमाम साहब के घर चोर ने दबिश दी है।इस घटना में मजेदार यह है कि चोर पहले मस्जिद के पास बकायदे गुनाह की माफी मांग रहा और इबादत कर शक्ति लेने के बाद सीधे ज़ामा मस्जि़द के इमाम मुफ्ती मुदब्बिर आलम के निवास में पहुच कर उनके घर से वर्तन कपड़े आदि की चोरी कर भाग निकला है भागने के पहले दीवार पर चोर भी लिख दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओ से न केवल पुलिस की किरकिरी हो रही है बल्कि मुकम्मल रात्रि गश्त की पोल भी खुल रही है।हालांकि कोतवाली के सामने दुकानों में हुई चोरी के मामले को खुलासा कर थोड़ी इज्जत बचाने की कोशिश हुई है और प्रचारित भी किया कि चोर सक्रिय है तो हम भी सक्रियता में पीछे नही है।

# जेईई मेंस में नगर के दो लड़कों ने दिखाया दम,99 व 96 प्रतिशत अंक किया हासिल

सूरजपुर, 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

नगर के दो होनहार लड़को ने जेईई मेंस में 99. 39 व 96.06 अंक अर्जित कर नगर को गौरवान्वित किया है।बचपन से ही मेधावी छात्र रहे शिवांग गुप्ता सूरजपुर में पढ़ाई करने के बाद बिलासपुर केपीएस स्कूल में दसवीं बारहवीं की शिक्षा ग्रहण की बोर्ड परीक्षाओं में वे स्कूल में टॉपर





रहे।दसवीं की परीक्षा में 95.4 प्रतिशत व 12वीं सीबीएससी बोर्ड में 96.2 फ़ीसदी अंक अर्जित किया,इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें सम्मानित भी किया गया। सोमवार को देर रात एनटीए ने जेईई मेंस फर्स्ट अटेम्प्ट का रिजल्ट जारी किया,जिसमें शिवांग गुप्ता ने 99.39 परसेंटाइल अंक हासिल किया है। शिवांग आईआईटी करना चाहते हैं जिसकी तैयारी में इन दिनों जुटे है।आईआईटी पश्चात यूपीएससी में चयनित होने का लक्ष्य है।शिवांग पत्रकार अजय गुप्ता, पार्वती गुप्ता के सुपुत्र हैं उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय बिलासपुर के शिक्षक अरविंद सर व चंदन सर के मार्गदर्शन, माता-पिता की प्रेरणा के साथ आईआईटियन बहन शालिनी गुप्ता को देते हैं। शिवांग की बहन शालिनी आईआईटी रुड़की में अध्यनरत है जिनका उन्हें भरपूर मार्गदर्शन मिला है।शिवांग जेईई मेंस के बाद जेईई एडवांस की तैयारी में जुट गए हैं।इधर दूसरी ओर नगर के केतका रोड के नीतीश दुबे ने भी जेईई मेंस में 96.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिजनों का मान बढ़ाया है।नीतीश,पुरोहित राजेश द्विवेदी माया द्विवेदी के पुत्र है।इनकी प्रारम्भिक शिक्षा नगर के प्रतिष्ठित ग्लोबल पब्लिक स्कूल तथा जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई से हुई है। नीतीश के इस उपलब्धि पर परिजनों के साथ साथ शुभ चिंतक में हर्ष है।नगर के दोनों लड़को की इस उपलब्धि से नगर के लोग गौरवान्वित है।

# चोरी के 78 नग सेट्रिंग प्लेट सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



सूरजपुर के विपिन अग्रवाल ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 जनवरी को सूरजपुर से पुराना लोहे का सेन्ट्रिग प्लेट 78 नग को पुलिया निर्माण कार्य के लिए ग्राम बरहोल में लाकर रखा था जिसे रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले की रिपोर्ट पर थाना रामानुजनगर में धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर की पुलिस चोर की पतासाजी कर रही थी इसी बीच मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही कटघोरा के इन्द्रपाल साहू व संदीप साहू को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि चोरी की इस वारदात को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों के निशानदेही पर 78 नग सेन्ट्रिंग प्लेट कीमत 39 हजार रूपये को बरामद कर आरोपी इन्द्रपाल साहू पिता जीवन लाल साहू उम्र 19 वर्ष निवासी जटगा, चैकी जटगा, थाना कटघोरा, जिला कोरबा एवं संदीप साहू पिता लक्ष्मी प्रसाद साहू उम्र 19 वर्ष निवासी ढेलवाडीह, थाना कटघोरा, जिला कोरबा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस मामले में फरार आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर बिपिन लकड़ा, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, माधव सिंह, प्रधान आरक्षक हंसराम कनेडिया, आरक्षक दीपक यादव, धनंजय साहू, रविशंकर साहू, चन्द्रकुमार साहू, सैनिक मानसाय सिंह, पंकज पटेल सक्रिय रहे।

# महापौर अजय तिर्की ने मैरीनड्राईव मटन मार्केट का निरीक्षण किया





- संवाददाता -
अंबिकपुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आदित्येश्वर शरण सिंह देव जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरगुजा एवं नगर निगम अंबिकापुर के महापौर अजय तिर्की के द्वारा मैरीनड्राईव मटन मार्केट का निरीक्षण किया गया और सभी व्यापारियों से मिलकर मटन मार्केट में हो रही समस्याओं के बारे में चर्चा किया एवं मटन मार्केट मे घूम कर निरीक्षण किया समस्या रिंग रोड मे स्पीड ब्रेकर मार्किट खुसते समय ,नाली निकासी,सुलभ शौचालय,रोड, सफाई को करीब से देखा और समस्या को समझा नगर निगम के महापौर ने भी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर मैरिन ड्राईव मटन मार्केट के अध्यक्ष संतोष साहू ने आदित्येश्वर शरणसिंह देव एवं महापौर अजय तिर्की का फूल माला पहनाकर स्वागत किया मटन मार्केट के व्यापारी हरीश बैगा राम राज गुप्ता शिव नाथ गुप्ता गणेश सोनी मुनेश्वर कुरेशी मंगल मंडल समीर मुशर्रफ सूरज साहू सरजू साहू इम्तियाज एवं असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश संयोजक ओनिमेष सिन्हा सोशल मीडिया प्रभारी निखिल विश्वकर्मा शुभम जयसवाल गुरप्रीत सिद्धू निक्की खान उज्जवल वर्मा अभिषेक शुक्ला और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की सनक....दिन दहाड़े काट डाले 200 पेड़,देखते रह गए जिम्मेदार.....!



- संवाददाता -
सूरजपुर, 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ग्रामीणों की ऐसी सनक कि 28 वर्ष पुराने जंगल को दिन दहाड़े चन्द घण्टो में साफ कर दिया।देखते देखते 200 पेड़ो की बलि चढ़ गई और अब प्रशासन जांच व कारवाई की बात कर रहा है।भैयाथान ब्लॉक के ग्राम बंजा में जलग्रहण मिशन के तहत करीब 200 पेड़ जिसमे यूकेलिप्टस व पलास के पेड़ शामिल है को लगाया गया था। जिसे वहाँ के ग्रामीणों ने ही लगाया था और इस पर उनका हक भी था।पेड़ो की कटाई के पहले कायदे से अनुमति की जरूरत थी पर ग्रामीणों की सनक के आगे सारे नियम कायदे धरे के धरे रह गए और देखते ही देखते सभी 200 पेड़ो को काट दिया गया। राजस्व भूमि के इस जंगल की कटाई को रोकने सरपंच दुर्गा सिंह ने अपनी ओर से कोशिश भी की,ग्रामीणों को समझाया पर वे कहाँ मानने वाले थे। सरपंच ने इसकी सूचना सम्बन्धित अधिकारियों को दे दी है। इस सबन्ध में तहसीलदार ओ पी सिंह ने बताया कि नियमानुसार अनुमति लेकर पेड़ो को काटना था पर अनुमति नही ली गई है।इसकी जांच कर सम्बन्धितों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पेड़ो की कटाई की सूचना उन्हें आज ही मिली है।यह ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र का मामला है।

# रहे न रहे हम महका करेंगे

अम्बिकापुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

6 फरवरी को भुलेबिसरे संगीत समिति के सदस्यो के द्वारा वन्दना दत्ता के निवास पर संगीतमय श्रद्धानंजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने पुष्प अर्पित कर स्वरकोकिला भारत रत्न लता मंगेश्कर को श्रद्धांजलि अर्पित की।तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डाक्टर श्रीमती पुष्पा सोनी ने,चंदन सा बदन, चंचल चितवन, वरिष्ठ सदस्य सन्तोष



पांडे ने , जाना था हमसे दूर बहाने बना लिए,जया तिवारी ने,,ज्योति कलश छलके, अंजनी सिन्हा ने,,उनसे मिली नजर की मेरे होश उड़ गए,रासबिहारी मिश्रा ने गुजरा हुआ ज़माना आता नही दुबारा, रेखा इंगोले ने,लग जा गले से फिर ये हंसी रात हो न हो,ज्योत्स्ना पालोरकर ने तू जहाँ जहाँ चलेगा मेरा साया साथ होगा, पद्मनाभ शर्मा ने मुझे तुम मिल गए हमदम, रेखा गणेशपुरकर ने,रहे न रहे हम महका करेंगे, अलका इंगोले ने,एक प्यार का नगमा है,, संजीव गणेशपुरकर ने, अजी रूठ कर अब कहाँ जाइयेगा,वन्दना दत्ता ने उनकी गाई बंगाली गीत,एकबार बिदाई दे मां घूरे आशी, और,रहते थे कभी जिनके दिल मे हम जान से भी प्यारों की तरह की प्रस्तुति दी।।

सदस्यो ने स्व.लता मंगेश्कर के संस्मरण को भी प्रस्तुत किया समिति के द्वारा प्रसिद्ध गायिका वाणी जयराम को श्रद्धानंजली देते हुऐ समूह स्वरों में उनके गाये गीत, इतनी शक्ति हमे देना दाता मन का विस्वास कमजोर हो ना, से कार्यक्रम का समापन किया।

# ग्राम जजगी में निकली कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

### खाद्य आयोग के अध्यक्ष हुए शामिल

- संवाददाता -
उदयपुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सोमवार को अंबिकापुर विधानसभा युवा कॉग्रेस द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो का कार्यक्रम उदयपुर ब्लॉक के ग्राम जजगी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व युकाँ राष्ट्रीय सचिव दानिश रफ़ीक शामिल हुए।

अतिथियों का स्वागत युवा कांग्रेसियों एवं महिला कांग्रेस द्वारा ज़ोरदार नारेबाज़ी,शैला, माल्यार्पण एवं आरती कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंबिकापुर विधानसभा के यूकाँ अध्यक्ष आमिर सोहैल के नेतृत्व में समस्त युवा कांग्रेसियों द्वारा 5 किलोमीटर का पद यात्रा निकाल कर राहुल गांधी के ÷भारत जोड़ो÷ का संदेश सम्पूर्ण






ग्रामवासियों में दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों में काफ़ी उत्साह देखने को मिला। रैली के पश्चात् सभा का आयोजन किया गया जिसका उद्बोधन क्रमशः सरिता महंत,राधा रवि,बलविन्दर सिंह,सहदेव खण्डेकर,दानिश रफ़ीक एवं अंत में गुरप्रीत सिंह बाबरा ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि दानिश रफ़ीक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों एवं राजीव युवा मितान क्लब के बारे में लोगों को बताया और मुख्य अतिथि गुरप्रीत सिंह बाबरा ने राशन में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा किए गये घोटाले को जनता के समक्ष रखा और उसका समाधान कैसे वर्तमान में कांग्रेस की सरकार ने किया ये बात लोगों से कही।साथ ही पूरे गाँव के विकास में राज्य सरकार से पूरा सहयोग दिलाने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने हो रही अपनी कुछ समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया किया जिसमें कई समस्याओं का निराकरण तत्काल किया गया और गाँव के विकास कार्य से संबंधित कई समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही गई। मंच का संचालन शौरी नारायण ने किया एवं आभार प्रकट आमिर सोहैल के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा कॉग्रेस प्रदेश महासचिव राधा रवि,ज़िला उपाध्यक्ष बलविन्दर सिंह छाबड़ा जी ,जनपद सदस्य एवं राजीव युवा मितान क्लब अंबिकापुर विधानसभा समन्वयक सरिता महंत, जनपद सदस्य कुन्तला खांडेकर ,शौरी नारायण ,सहदेव खाण्डेकर,राहुल गुप्ता, एनएसयूआई प्रदेश सचिव सत्यम साहू,अंबर त्रिपाठी,शिवराज सिंह , रंजन शर्मा,अज़हर ख़ान सहित सैकड़ों युवा कांग्रेसी महिला कॉग्रेस एवं सविता दास, परमेश्वरी दास, शकुंतला सिंह, सुमित्रा दास, ग्रामवासियों ने सहयोग दिया दिया।

# पटना क्षेत्र के तीनों सहकारी समितियों में बड़े मामले हुए दर्ज,गिरफ्तारी कब ?

» क्या कांग्रेसी के नेतृत्व में पैलेस जाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी इसलिए नहीं हो रही गिरफ्तारी ?

» क्षेत्र के तीनों सहकारी समितियों और कार्यरत कर्मचारियों की विवादित कार्यशैली सुर्ख़ियों में

» करोड़ों के गबन,एट्रोसिटी एक्ट और धारा 420 के तहत दर्ज हुए मामलों में गिरफ्तारी के लिए विभाग निष्क्रिय क्यों ?

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में सहकारी समिति पटना एवं इस समिति से अलग होकर विगत वर्ष नवनिर्मित दो समितियां क्रमशः गिरजापुर एवं तरगांवा सुर्खियों में हैं। विगत कुछ दिनों में उपरोक्त तीनों समितियों में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जोकि गंभीर धाराओं के अंतर्गत आते हैं। सहकारी समिति पटना के समिति प्रबंधक अनूप कुशवाहा एवं धान खरीदी प्रभारी राजेश साहू के ऊपर एक किसान ने धान बिक्री के दौरान गाली गलौज, धमकी एवं अपशब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया है। क्योंकि किसान अनुसूचित जनजाति वर्ग का है, अतः समिति प्रबंधक अनूप कुशवाहा एवं धान खरीदी प्रभारी राजेश साहू के ऊपर एट्रोसिटी के तहत पटना थाना में मामला दर्ज है। जिन धाराओं में मामला पंजीबद्ध हुआ है, वह गैर जमानती हैं। बावजूद इसके संरक्षण के कारण उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं पटना से अलग होकर बनी नवनिर्मित समिति गिरजापुर के समिति प्रबंधक सुरेंद्र राजवाड़े एवं फड़ प्रभारी के ऊपर धारा 420 के तहत मामला दर्ज है। प्रकरण कुछ ऐसा था कि शासन को चूना लगाने के मकसद से फर्जी धान खरीदी की गई एवं कागजों में की गई खरीदी को सही दर्शाने के लिए मिलरों को नगद राशि का भुगतान किया गया। और बारदाना की संख्या मेंटेनेंस करने के लिए समिति से बारदाना को समिति कर्मचारियों के घर रखवाया गया था। मामला भी छोटा-मोटा नहीं अपितु करोड़ों के लेनदेन से जुड़ा हुआ है। परंतु मामला पंजीबद्ध हो जाने के बाद भी अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

तीसरा मामला तरगांवा समिति से संबंधित है, जहां समिति में पंजीकृत अमहर निवासी किसान अजय कुशवाहा एवं उनके भाई अरविंद कुशवाहा के ऊपर धारा 420 के तहत मामला दर्ज है। यह प्रकरण भी कुछ अजीबोगरीब था। जहां मिलीभगत के माध्यम से तहसीलदार की आईडी से रकबा बढ़ाने एवं लाभ लेने उपरांत रकबा को घटाने का खेल चल रहा था। इस मामले में भी शासन के प्रति फर्जीवाड़ा किया गया था और शासन को लाखों का चूना लगाया गया था। गंभीर धाराओं में दर्ज इस मामले पर भी अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जोकि संदेहास्पद है। क्योंकि उपरोक्त तीनों मामले एक ही क्षेत्र के सहकारी समितियों से जुड़े हैं, जिनमें एक लॉबी हावी होकर सिंडिकेट की तरह समितियों में कार्यरत है। साथ ही आरोपियों को तथाकथित रूप से सत्ता का संरक्षण प्राप्त है।





## बड़ी धाराओं के बावजूद अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं

उपरोक्त समितियों से जुड़े तीनों मामले भारतीय दंड संहिता के गंभीर धाराओं के अंतर्गत पंजीकृत हैं, जो की जमानत योग्य नहीं है। बड़ी धाराओं के बावजूद उपरोक्त तीनों मामलों में इतना समय बीत जाने के बाद भी एक भी गिरफ्तारी का ना होना पुलिस विभाग की अकर्मण्यता एवं लापरवाही को प्रदर्शित करता है। जबकि आम व्यक्ति के ऊपर साधारण धाराओं में भी मामला दर्ज होने पर पुलिस विभाग तत्कालीन कार्यवाही करने से नहीं चूकता। सूत्रों की माने तो तीनों मामलों में आरोपित व्यक्तियों को राजनीतिक रसूखदारों का संरक्षण प्राप्त है। जिन के निर्देश पर जमानत की सुनवाई होने तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने को कहा गया है। सवाल यह उठता है कि 2 मामलों में जहां शासन को लाखों और करोड़ों का चुना लगाया गया उसी सत्ता के नुमाइंदों द्वारा इस प्रकार आरोपियों के बचाव का प्रयास कहां तक उचित है। वहीं तीसरे मामले में एक पीड़ित किसान की व्यथा को सुनने की बजाय एवं उसे न्याय दिलाने की पैरोकार करने की जगह तथाकथित किसान हितैषी पक्ष और विपक्ष के नेता आरोपितों के संरक्षण में लगे हों, तो किसानों के समृद्धि का सपना देखना पूरी तरह हास्यास्पद लगता है।

## किसके शह पर गैर जमानती धाराओं के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे ?

पुलिस विभाग स्वत~ में इतना सक्षम होता है कि आरोपी आकाश में छुपा हो या पाताल में उसे ढूंढ ही निकलती है। विभाग के पास अनेक जरिए होते हैं, उनके मुखबिर होते हैं और जब विभाग ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। परंतु गंभीर प्रवृत्ति के गैर जमानती धाराओं मैं अपराध पंजीबद्ध होने के बाद भी काफी समय बीतने पर भी पुलिस विभाग के हाथ खाली हैं। और एक भी गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई, जो कि संशय पैदा करता है। सूत्रों के अनुसार विभाग पर भी अग्रिम जमानत की सुनवाई होने तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही ना करने का दबाव है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो भ्रष्टाचारियों और धोखाधड़ी के आरोपियों के हौसले तो बुलंद होंगे ही, साथ ही समाज में भी एक गलत संदेश प्रसारित होगा कि आप चाहे कितना भी गलत कर लो, यदि धनबल और राजनीतिक प्रभाव है, तो आप पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो सकती।

## आरोपियों का सत्ता परिवर्तन के साथ अवसरवादी रहना,क्या उन्हें मामले में गिरफ्तारी से बचा रहा ?

पूरे मामलों में गौर करने वाली बात यह भी है कि उक्त समितियों के प्रबंधक अनूप कुशवाहा, सुरेंद्र राजवाड़े, राजेश साहू इन सब का संबंध भाजपा के शासनकाल में 15 वर्ष तक भाजपा के साथ था। जैसे ही सत्ता परिवर्तन हुआ, इन्होंने कांग्रेस के गमछे को अपने गले की शोभा बनाई। कहने का लब्बोलुआब यह है कि सत्ता परिवर्तन के साथ ही अवसरवादी यह लोग पक्ष विपक्ष दोनों के शासनकाल में मलाई खा रहे हैं। उक्त समिति प्रबंधकों जिनमें से एक पूर्व मंत्री भैया लाल राजवाड़े के रिश्तेदार हैं, ने सत्ता परिवर्तन के बाद ही स्थानीय कांग्रेसी के नेतृत्व में पैलेस जाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिस पर काफी हो हल्ला भी हुआ था। पर समिति के माध्यम से होने वाली कमाई ने अवसरवादीता को जन्म दिया। कुल मिलाकर बात यह है कि सत्ता का संरक्षण प्राप्त होने के कारण ही इतने बड़े पैमाने पर घोटाले को अंजाम देने एवं पूरा मामला सामने आने पर भी अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई। जबकि कुछ ऐसे ही मामलों में अन्य जिलों के समिति कर्मचारियों पर मामला पंजीबद्ध होने के तत्काल बाद ही गिरफ्तारी की खबरें आ रही है। क्या कारण है कि कोरिया जिले में गंभीर धाराओं में पंजीबद्ध आरोपियों की गिरफ्तारी में अड़चनें आ रहि हैं??

## एट्रोसिटी मामले में पीड़ित पर बनाया जा रहा दबाव एवं मामला वापस लेने की दी जा रही धमकी

सूत्रों के अनुसार पटना समिति में धान बेचने गए जिस किसान ने समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी के ऊपर गाली गलौज एवं अपशब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया है, उस पर विभिन्न तरीकों से मामले को वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। एवं धमकी दी जा रही है। मामला चुंकी एट्रोसिटी एक्ट से जुड़ा है, जो कि गैर जमानती है, अतः आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी होनी थी। परंतु इतना दिन बीत जाने के बाद गिरफ्तारी न होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे उक्त किसान पर मामला वापस लेने के लिए एन केन प्रकारेण दबाव बना रहे हैं। उक्त बातें किसान से बातचीत के दौरान प्रकाश में आई।

## जिले की विकेंद्रित सत्तासीनों के नुमाइंदे और धन के प्रभाव के कारण गिरफ्तारी की तलवार से परे आरोपी

उपरोक्त तीनों प्रकरणों में सूत्रों के हवाले से एक और बात गौरतलब है, की कोरिया जिले में सत्ता पक्ष के विकेंद्रीकरण ने मामलों को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना दिया है। क्योंकि जिले में सत्ता पक्ष के कई गुट क्रियाशील हैं, जो अपने अधीनस्थों की संख्या बढ़ाने एवं समर्थक बनाने के प्रयास में पंजीबद्ध आरोपियों को बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। कहीं ना कहीं पूरे मामलों में धनबल का भी जोर एवं प्रभाव है, जिस के उपयोग के कारण कई लोगों के हाथ बंधे हुए हैं। जिससे आरोपियों को आगे की मनमर्जी कार्यवाही के लिए पूरा समय मिल रहा है। वहीं सोचनीय बात यह भी है कि ऐसे मामले यदि आम जनता पर पंजीकृत होते तो अभी तक जेल दर्शन हो चुका होता। परंतु शायद इसे ही राजनीतिक प्रभाव का पैमाना माना जाता है, कि आपकी गलती का आकार कुछ भी हो कार्यवाही सिफर होगी। बहरहाल गेंद पुलिस के पाले में है,और देखना यह है कि इतने गंभीर धाराओं के अपराध को पुलिस कितनी गंभीरता से लेती है।

# भाजपा संगठन ने देवेन्द्र को दी बड़ी जिम्मेदारी, रामानुजगंज विधानसभा के प्रभारी बनाये गए

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी ने कोरिया जिले के भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूर्व जिपं सदस्य देवेन्द्र तिवारी को बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी है। श्री तिवारी को प्रदेश संगठन द्वारा सरगुजा संभाग के विधानसभा सीट रामानुजगंज का प्रभारी नियुक्त किया है। 04 जनवरी को प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



विधानसभा,लोकसभा में चुनाव की रणनीति के साथ मतदान केंद्रों में संगठन गतिविधियों को चुस्त दुरुस्त करने में विधानसभा प्रभारियों की बड़ी भूमिका होगी। प्रदेश संगठन और जिला संगठन से सतत संपर्क में रहते हुए विधानसभा प्रभारी मैदानी स्तर पर गतिविधियों में सक्रिय रहेंगे। निष्ठापूर्वक कार्य करूंगा देवेंद्र रामानुजगंज विधानसभा प्रभारी बनाये जाने पर श्री तिवारी ने प्रदेश संगठन के प्रति आभार जताया है और उन्होंने इसे बड़ी जवाबदेही मानते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि मेरे राजनीतिक जीवन की बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश संगठन में विश्वास में खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। श्री तिवारी को इस जिम्मेदारी के मिलने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं उनके शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

# राजेश आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

मनेन्द्रगढ़,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी संजीव झा व प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने ब्लॉक अध्यक्ष के लिए राजेश मंगतानी के नाम की घोषणा की जिसमे श्री मंगतानी को आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन बनाने की घोषणा होते की पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं उल्लेखनीय है कि इसके पहले राजेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव रह चुके हैं वहीं विवेकानंद महाविद्यालय में छात्र नेता के रूप में निर्वाचित अध्यक्ष भी रह चुके है, व्यापारी संगठन कैट के जिलाध्यक्ष होने के साथ ही साथ राजेश अन्य कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं, आम आदमी पार्टी का ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा है कि सभी के साथ और विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी दी गई है उस पर खर्च करने के लिए वे सदैव संकल्पित रहेंगे, इसके साथ ही साथ भरतपुर ब्लॉक अशोक धुर्वे, कोटा ढोल रोशन लाल पानी का, गंगा पानी नागपुर गुलजारी बिंद मनेंद्रगढ़ ग्रामीण संदीप यादव हल्दीबाड़ी अब्दुल खान खंडवा रामप्रवेश साहू पर्सनल ब्लॉक के लिए सत्यम शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



# अधजला राशन कार्ड जॉब कार्ड सहित वन अधिकार पट्टा से संबंधित दस्तावेज मिला पंचायत कार्यालय परिसर में





» नायब तहसीलदार पहुंचे मौके पर पंचनामा कार्रवाई दस्तावेज़ों को उठवाया

» राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र वाला रोजगार गारंटी कार्ड मीला अधजला

» बिना अनुमति जलाया गया दस्तावेज़

- मनोज कुमार-
लखनपुर, 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिंदा के सरपंच सचिव की लापरवाही देखने को मिली राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की चित्र वाला रोजगार गारंटी जाब कार्ड राशन कार्ड वन अधिकार पट्टा से संबंधित सहित अन्य दस्तावेज अधजले पंचायत भवन परिसर में मिला जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा सरपंच व तहसीलदार को दी।सूचना पाकर नायब तहसीलदार आईसी यादव दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। राशन कार्ड, रोजगार गारंटी कार्ड वन अधिकार पट्टा से संबंधित जमा फार्म सहित अन्य शासकीय दस्तावेज अधजले मिले तत्काल सरपंच सचिव शासकीय दस्तावेज के संबंध में पूछताछ किया तथा दस्तावेज जलाने को लेकर अनुमति के संबंध में पूछताछ की जिस पर सरपंच सचिवों ने अनुमति नहीं होने की बात कही सभी अधजले दस्तावेजों को बोरे में भरकर पंचायत भवन में रखवाया गया तथा पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर को पत्र पंचनामा प्रेषित किया गया वही , राजकुमार ,हुलास दास , बिहारी यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 =22 वन अधिकार पट्टा बनाने के लिए फॉर्म पंचायत कार्यलय में भरा गया था कुछ फार्म कचरे के ढेर में मिला है तो कुछ फर्म जल गया साथ ही राशन कार्ड व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का फोटो वाला रोजगार गारंटी जॉब कार्ड भी मिला है। जो निंदनीय है और सरपंच सचिव की लापरवाही के कारण ऐसा कृत्य हुआ है । इस पर जांच होनी चाहिए और सरपंच सचिव के ऊपर कार्रवाई की जानी चाहिए। अब देखने वाली बात होगी के आला अधिकारियों के द्वारा इस मामले को लेकर किस प्रकार कार्यवाही की जाती है।

इस संबंध में लखनपुर तहसीलदार से चर्चा करने पर उनके द्वारा कहा कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती शिवानी जयसवाल को इस संबंध में जानकारी दी गई है और उनके द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे को जांच कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

**तहसीलदार**
**श्रीमती गरिमा ठाकुर**

लखनपुर जनपद कार्यालय के मुख्य कार्यपालन आधिकारी वेद प्रकाश पांडे से इस संबंध में पूछे जाने पर उनके द्वारा कहा गया कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**वेद प्रकाश पांडे**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

# गांवो की समस्याओं का समाधान नही और कालरी शुरू करने से ग्रामीण नाराज

» निकाली रैली,सौंपा ज्ञापन

» बोले... समाधान के पहले नही खुलने देंगे कालरी

- संवाददाता -
सूरजपुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

नोकरी व मुआवजे की मांग को लेकर जोबगा के ग्रामीणों ने रैली निकाली और कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत जोबगा में एस. ई. सी. एल केतकी अण्डर ग्राउण्ड खदान प्रारंभ होने की कागार पर है परंतु ग्रामवासियों की किसी भी माँग को पूरा नहीं किया गया है। जबकि ग्रामवासियों के द्वारा विगत कई वर्षो से आवेदन, निवेदन, धरना हडताल एवं चक्का जाम के माध्यम से प्रशासन को समय-समय पर अपनी माँगों से अवगत कराता रहे है। परंतु विगत लगभग 18 वर्षो से ग्रामीणों के द्वारा दिये जा रहे आवेदन पर विभाग मौन है। वर्तमान में कालरी खुलने की सभी औपचारिकतायें पूर्ण कर ली गई हैं।यहाँ तक कि ग्राम पंचायत की मूलभूत आवश्यकताओं की भी पूर्ति नहीं की गई है। यहाँ तक कि ग्राम पंचायत जोबना में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की शिक्षा के संबंध में बच्चों को अच्छी शिक्षा हेतु ग्राम के बच्चों को डी.ए.व्ही. स्कूल, कान्वेन्ट स्कूल एवं अन्य विद्यालय में दाखिला दिलाया जाये एवं बच्चों के शिक्षा तथा उनके आने जाने की व्यवस्था ग्राम पंचायत के बच्चों को म ेडिकल इंजीनियरिंग, पी.एस.सी., आई.ए.एस. शिक्षक, पटवारी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के कोचिंग, ट्रेनिंग की व्यवस्था सडक निर्माण कार्य भी उचित ढंग से नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत की पुल-पुलिया सड़क का चौड़ीकरण, धूल, कोयले का डस्ट एवं बड़ी-बड़ी वाहनों के चलने से रोड में गिरने वाले कोयल की उचित व्यवस्था की जाये। ग्राम पंचायत जोबगा में जन चौपाल लगाकर चौपाल में कलेक्टर स्वयं उपस्थित होकर अन्य राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में ग्राम वासियों की समस्याओं से अवगत हों एवं उन्हें पूरा करने का स्वयं आश्वासन दें। ग्रामीणों ने कहा है कि जब तक हमारी उपरोक्त मांगों को पूरा नहीं किया जाता है हम ग्रामवासी किसी भी स्तर पर केतकी खदान को प्रारंभ नहीं होने देगें, यदि आवश्यकता पड़ी तो हम अपनी जान देने से भी पीछे नहीं हटेगें।यदि 15 दिवस के अन्दर जन चौपाल लगाकर हमारी समस्याओं

का निराकरण नहीं किया गया तो हम समस्त ग्रामवासी धरने पर बैठ जायेगें और किसी भी स्तर पर कालरी खुलने नहीं देगें। सरपंच संत सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण पहुचे थे। इस दौरान धनी पंडो , आनंद राम, मुरली सिंह, परसोत्तम, टेकराम, बाबूलाल, फुलेश्वर, सुरेंद्र, सुरेश, मुन्नी बाई, चंपा देवांगन, सहित बड़ी की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।



# क्या एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के सिविल विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त ?

» क्या एक दशक से अधिक समय से जमे ओवरशियर और ठेकेदारों के बीच निर्माण कार्यों में चल रही पार्टनरशिप ?

» क्षेत्र में लगातार उठ रही है सिविल विभाग में अधिकारियों एवं ठेकेदारों के अवैध संपत्ति के जांच की मांग

» कुशल इंजीनियरों के द्वारा बनाई गई निर्धारित तय राशि से 50 से 60 प्रतिशत बिलो लेकर कैसे करते हैं निर्माण कार्य ?

» मापन सुधार सामंजस्य से सप्लीमेंट्री पेपर में ठेकेदारो और ओवरशियर की हो रही है पार्टनरशिप

- रवि सिंह-
चिरमिरी 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एसईसीएल चिरिमिरी क्षेत्र के सिविल विभाग के अधिकारियों कि मिली भगत से इन दिनों चल रहे निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, ठेकेदार और ओवरसियरो के बीच सांठगांठ से करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के कार्य चल रहे हैं, वर्षों से चिरमिरी क्षेत्र में जमे ओवरसियर और ठेकेदारों के बीच कहीं कहीं तो घरेलू संबंध भी बड़े मधुर हो चले हैं, एक ठेकेदार एक ओवर सियर को अपना पेटेंट करा लिया है, पेटेंट कराने के बाद वह ओवरसियर केवल उसी ठेकेदार की गाड़ी में घूमता मिलेगा उसी ठेकेदार के साथ रात रंगीन करेगा उसी ठेकेदार के साथ घर परिवार की खरीदी भी करेगा ऐसी नई परंपरा की शुरुआत इन दिनों चिरमिरी क्षेत्र में देखने को मिल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल प्रबंधन अपने कामगारों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के लिए प्रयासरत रही है, लेकिन जिन कामगारों के जीवन शैली के उत्थान के लिए यह योजना लाई जाती है वे श्रमिक केवल अपनी जिम्मेदारी में मिले कार्यों को करने एवं माह में पेमेंट प्राप्त करने तक ही सजग रहते हैं,, यही कारण है कि शातिर अधिकारी उनके जीवन स्तर को ऊंचा करने एवं उनको बेहतर सुविधा प्रदान करने की गरज से पूरे चिरमिरी क्षेत्र में लगभग प्रतिवर्ष 100 करोड रुपए खर्च करती है, जो सारा पैसा इन अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण के कारण भ्रष्टाचार में समा जाता है, और ठेकेदार नेता अधिकारी मिलकर खूब बंदरबांट करते हैं. ठेकेदार काम तो ले लेते हैं पर काम करते ही नहीं है, यदि ठेकेदार काम करना फिर भी चाहता है तो सिविल विभाग के अधिकारी उन्हें काम करने से मना करते हैं क्योंकि उन्हें पता है की जिन श्रमिकों के लिए प्रबंधन ने पैसा आवंटित किया है वे बड़े सहनशील हैं वे इसका विरोध नहीं करेंगे, यदि वह इसका विरोध करते हैं तो उन्हें चिरमिरी का काला पानी कहा जाने वाले सिंदूर गढ़ खदान की तरफ स्थानांतरण की धमकी दी जाती है महाप्रबंधक से मिलकर कई बार विरोध करने वाले कर्मचारी का स्थानांतरण भी करा दिया गया है बेचारा श्रमिक इस तरह से इन अधिकारियों के सामने लाचार होकर इनके किसी भी भ्रष्टाचार का विरोध नहीं कर पाता, और इस तरह से ठेकेदार नेता अधिकारी के हौसले बुलंद हैं और करोड़ों करोड़ों रुपए मिलजुल कर डकारे जा रहे हैं। कौनसा ओवरसियर किस ठेकेदार से पेटेंट.... वह भी क्रमशः अगले अंक में।




## महंगाई के दौर में 50 से 60 प्रतिशत बिलो काम कैसे?

सिविल विभाग के ओवरसीयर्स ऐसे भी हैं जो ठेकेदारों के पाटनर भी है उनके द्वारा अपने चहेते और कथित पार्टनर ठेकेदार को इतना प्रतिशत बिलो काम डालो यह भी तय करते हैं और फिर यहीं से जमकर भ्रष्टाचार का खेल शुरू हो जाता है पूरे देश में महंगाई चरम पर है सभी निर्माण कार्यों में उपयोगी सामग्रियों के दर बड़े पैमाने में बड़े हुए हैं वही चिरमिरी एसईसीएल के ठेकेदार और सिविल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मेलजोल से 50 से 60 प्रतिशत बिलो काम लेकर यह बेहद घटिया सामग्री लगा कर निर्माण और मेंटेनेंस का कार्य कर रहे हैं, कहते हैं कि जब गुणवत्ता चेक करने वाला अधिकारी निर्माण कार्य में खुद पाटनर हो जाए तो फिर भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं होती ऐसे ही कुछ इन दिनों चिरमिरी क्षेत्र के सिविल विभाग में देखने को मिल रहा है, भारत सरकार की जांच एजेंसियों को चाहिए कि इन ठेकेदारों को आधे दाम पर कौन सी कंपनियां सीमेंट लोहा ईट गिट्टी प्रदान करती है उन्हें चिन्हअंकित किया जाए और ऐसे कौन से मजदूर हैं जो निर्धारित तय दर से आधे दाम से कम पैसे पर काम करते हैं?

## लंबे समय से जमे अधिकारी

चिरमिरी क्षेत्र के सिविल विभाग के लिए जन चर्चा में यह बात अक्सर सुनने को मिलती है कि फला साहब कहां होंगे तो पता लगता है फला उक्त ठेकेदार के साथ होंगे आप उक्त ठेकेदार को फोन लगा लो साहब से बात हो जाएगी, ऐसा इन दिनों ठेकेदार और ओवरसीयर के बीच सांठगांठ और पार्टनरशिप देखने को मिल रही है ओवर सियर झा साहब संजय सिंह राठौर जैसे कई ओवर सियर पिछले 10 12 वर्षों से चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न इकाइयों में जमकर लूटपाट कर रहे हैं मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों जो एस ओ सिविल है, वे खुद ही कभी चिरमिरी क्षेत्र में ओवर सियर हुआ करते थे, उनकी भी यह आदत रही है कि वह अपने मित्र ठेकेदार को जहां जहां उनकी पदस्थापना हुई वहां वहां उसे साथ ले गए और पिछले 20 25 वर्षों से उस ठेकेदार से ओवरसीयर के मधुर संबंध आज भी बरकरार है ,,कहते हैं कि जब खेमे का सरदार ही उक्त परंपरा को बढ़िया से निर्वहन कर रहा हो तो उसके अधिनस्थ कार्य कर रहे उसके ओवरसियर उक्त परंपरा का निर्वहन करेंगे ही।

# परिवहन नगर मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष ने राजस्व मंत्री पर साधा निशाना

- संवाददाता -
कोरबा,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाहट को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस मामले में एक बार फिर नया मोड़ आ गया है। एस.ई.सी.एल. कंपनी के बाद पर्यावरण विभाग ने बरबसपुर में इसके निर्माण को लेकर अनापत्ति देने से इंकार कर दिया है। इसके बाद जिला भाजपा अध्यक्ष ने राजस्व मंत्री पर पलटवार करते हुए जमकर निशाना साधा । उन्होने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी बरबसपुर से ट्रांसपोर्ट नगर को अन्यत्र बनाने का प्रस्ताव बना रहे है जो स्वागतेय है, लेकिन मंत्री जी किस व्यक्तिगत लाभ कि वजह से इसका विरोध कर रहे है यह समझ से परे है। जिला भाजपा कार्यालय पं. दीनदयाल कुंज में जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने पत्रकारों के समक्ष इस मामले में सीधे तौर पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल कि कार्य प्रणाली को लेकर अनेक प्रश्न उठाये। उन्होने आगे कहा कि पूर्व में मंत्री जी ने सभी विभाग से अनुमोदन मिलने के पश्चात् बरबसपुर में ट्रांस्पोर्ट नगर को बनाये जाने का निर्णय लिये जाने का राग अलाप रहे थे जबकि यह तथ्यहीन



है क्योकि एस.ई.सी.एल. ने इस स्थल को कोल क्षेत्र होने का हवाला देते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है। उसका कहना है कि भविष्य में इस क्षेत्र में कोल उत्खनन तेजी से होगा ऐसे में निर्माण की अनुमति दे पाना संभव नही है। कुछ इसी तरह का हवाला पर्यावरण संरक्षण मंडल कोरबा जिला के क्षेत्रीय अधिकारी ने दिया है। उनका तर्क है कि केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड द्वारा बरबसपुर क्षेत्र के 200 से 500 मीटर की भूमि को विकास रहित क्षेत्र घोषित किया है। ऐसे में बफर जोन के आस-पास किसी तरह का निर्माण किया जाना नियमों का उल्लंघन है अतः इस क्षेत्र में प्रस्तावित टी.पी. नगर बनाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना संभव नहीं है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि जिला प्रशासन सही तथ्यो को लेकर आगे बढ़ रहा है ताकि भविष्य में कोई विवाद ना हो ऐसे में राजस्व मंत्री बरबसपुर में ही निर्माण कराने को लेकर अड़े हैं क्योंकि इसमें उनका परिवार या मित्रों का लाभ दिख रहा है जबकि भाजपा उस स्थल पर निर्माण कराये जाने पर जोर दे रहा है द्व जहां कि जमीन पर किसी तरह का विवाद ना हो और भविष्य में शासन किसी भी स्थल का चयन करती है तब उसका भी समर्थन किया जायेगा। उन्होंने कहा शासन ने बरबसपुर में प्रस्तावित टी. पी. नगर प्रकरण के लिए विस्तृत परिक्षण हेतु सचिव स्तर की 09 सदस्यीय समिति का गठन किया है जिसका अध्यक्ष वन विभाग के प्रमुख सचिव को बनाया गया है जबकि कोरवा कलेक्टर सचिव होंगे इसी तरह अन्य सदस्यों में राजस्व एवं आपदा विभाग के सचिव, नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के सचिव, खनिज विभाग के सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग के उप सचिव, नगर एवं ग्राम निवेश के संचालक, पर्यावरण संरक्षण मंडल का एक सदस्य इस समिति में शामिल है। जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने गठित समिति का स्वागत करते हुए कहा है कि इस समिति उपरांत सही तथ्य सामने आयेगा। पत्रवार्ता के दौरान महामंत्री संतोष देवांगन, जिला मंत्री संदीप सहगल ,मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, मीडिया सह प्रभारी पवन सिन्हा, आई.टी. सेल संयोजक नवदीप नंदा, सोशल मीडिया संयोजक अजय चंद्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों के बच्चों को शहर में ही मिलेगी अंग्रेजी माध्यम में उच्चशिक्षा

- संवाददाता -
कोरबा,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों से कक्षा बारहवीं पास करने वाले विद्यार्थियों को अब कोरबा शहर में ही रहकर अंग्रेजी माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। विद्युत गृह हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 01 में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम कॉलेज का संचालन किया जाएगा। इससे जिले के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। जिले में ही अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध होगी। कलेक्टर संजीव झा ने नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय की मौजूदगी में विद्युत गृह हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि कोरबा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी कॉलेज के लिए जगह चिन्हांकन किया जा रहा था। इसके लिए सर्वे भी किया गया था। महाविद्यालय के अनुरूप व्यवस्थाएं और सुविधाएं तथा आवश्यक संसाधन विद्युत गृह स्कूल में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कॉलेज संचालन समिति स्कूल प्रबंधन समिति और सीएसईबी के अधिकारियों से चर्चा उपरांत विद्युत गृह स्कूल में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज संचालित करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज में भर्ती विद्यार्थियों के कक्षाओं का संचालन शासकीय पीजी कॉलेज में किया जा रहा है। आत्मानंद अंग्रेजी कॉलेज के लिए नए भवन मिल जाने से विद्यार्थियों को पढ़ाई की बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही लाइब्रेरी, प्रयोगशाला और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का बेहतर लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि विद्युत गृह स्कूल में अंग्रेजी माध्यम कॉलेज खुलने से वर्तमान में संचालित स्कूल के कक्षा संचालन में कोई बाधा नहीं आएगी। कालेज संचालन के लिए परिसर के अनुपयोगी जगह और आवश्यक संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जी. पी. भारद्वाज, विद्युत गृह स्कूल के प्राचार्य सुरेश रात्रे, पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. श्रीमती साधना खरे, शाला प्रबंधन समिति के सचिव गोवर्धन सिदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# उड़ीसा से आ रहे गांजा तस्कर को बड़ी खेप के साथ उरगा पुलिस ने पकड़ा

- संवाददाता -
कोरबा,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

नए पुलिस कप्तान आईपीएस उदय किरण के निर्देश पर नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ पुलिस फिर से एक्शन में आ गई है। इसी कड़ी में




उरगा पुलिस ने उड़ीसा से आ रहे गांजा तस्कर को पकड़ा है जिसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। आरोपी गांजा तस्कर उड़ीसा से गांजा लेकर कोरबा में खपाने आ रहा था। वह ट्रेन से चांपा पहुंचा, जहां से बस में सवार होकर कोरबा के लिए रवाना हुआ। इस बीच पुलिस के तगड़े नेटवर्क के जरिए उरगा थाना प्रभारी निरीक्षक सनत सोनवानी को इसकी जानकारी मिली। वे स्टाफ समेत मड़वारानी के पास पहुंचे, जहां घेराबंदी कर बस को रुकवाया गया। जिसमें संदेही पकड़ा गया उसके पास से भारी मात्रा में गांजा जप्त किया गया। इससे पूर्व भी उरगा पुलिस ने उड़ीसा से कार के जरिए गांजा खपाने आ रहे तस्करों को भैसमा-उरगा फाटक के समीप पकड़ा था।



# एसईसीएल मानिकपुर खदान में नियोजित ठेका कंपनी पर कोयले की अफरा-तफरी करने का आरोप

-राजा मुखर्जी-
कोरबा, 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिले में संचालित हो रही एसईसीएल की खदानों में कई कारणों से विवाद की स्थिति कायम है। संगठित गिरोह के द्वारा पिछले वर्ष तक कोयला की चोरी की जा रही थी। अब यह काम दूसरे रूप में शुरू हो गया है। मानिकपुर खदान में नियोजित कलिंगा ठेका कंपनी पर एक संगठन ने कोयले की अफरा-तफरी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है, कि कंपनी के कर्मचारी खदान से बाहर चोरी छिपे कोयले की चोरी कर उसे बेच रहे है। एसईसीएल की खदानों से कोयला चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही। पहले जहां खदान से बाहर के चोरों पर कोयले की चोरी करने के आरोप लगते रहे , वहीं अब खदान के भीतर काम करने वाली ठेका कंपनियों के कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठाया जा रहा है। खदान में नियोजित कलिंगा ठेका कंपनी के कर्मचारियों पर कोयले की अफरा-तफरी करने का आरोप लगाया गया है। कुछ भू-विस्थापितों की रोजगार संबंधी समस्या का समाधान करने ठेका कंपनी के कार्यालय पहुंचे थें जहां अवैध रुप से कोयले का ढेर लगा हुआ था। उन्होंने बताया, कि मेस चलाने के नाम पर कोयला मंगाया जाता है फिर उसे खदान से बाहर किसी को बेच दिया जाता है। इस संबंध में उन्होंने प्रबंधन और पुलिस को भी जानकारी दी लेकिन उनके द्वारा इस दिशा में किसी तरह का ध्यान नहीं दिया गया। खदान के भीतर ही काम करने वाली ठेका कंपनी के कर्मचारी जिस तरह से कोयला चोरी के कार्य में लगे हुए हैं वह एक गंभीर मसला है। इस दिशा में पुलिस और प्रबंधन दोनों को ध्यान देने की जरूरत है ताकी काले हीरे की चोरी को रोका जा सके।

# विजिबल पुलिसिंग से गली मोहल्लों के बदमाशों एवं अपराधियों में दहशत

कोरबा, 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

तेजतर्रार छवि के लिए विख्यात आईपीएस उदय किरण के कोरबा एसपी के पदभार ग्रहण करते ही महकमे की पुलिसिंग व्यवस्था में जहाँ कसावट आने लगी है वहीं आपराधिक तत्व भूमिगत हो गए हैं। विजिबल पुलिसिंग की अनुकरणीय व्यवस्था से जहां अब आमजन को गली मोहल्लों में असमाजिक तत्वों के जमावड़ों हुडंदंग से राहत मिल रहा है , वहीं एसपी कार्यालय से लेकर



थाना चौकियों में सभी कार्यदिवस में प्रभारियों के बैठने से सरलता सहजता से फरियादी अपनी फरियाद रख पा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक उदय किरण के कोरबा में कमान संभालने के बाद उनके दिसा निर्देश पर थाना चौकी के प्रभारी शाम के वक्त अपने क्षेत्र के गली मोहल्लों पर पैदल मार्च करते नजर आ रहे है। यह पहला मौका है जब किसी ने इस तरह से थाना प्रभारियों की ड्यूटी लगाई हो।। यही कारण है कि अब चौक चौराहों पर असामाजिक तत्वों का लगने वाला जमावड़ा कम नजर आ रहा है। विजुअल पुलिसिंग के तहत कार्य करते हुए एसपी ने यातायात के जवानों को भी निर्देश दिया है कि किसी गरीब को बेवजह परेशान न किया जाए द्व पुलिस अधीक्षक ने महिला व साइबर संबंधी मामलों पर भी गंभीरता व त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश अपने मातहत अधिकारी कर्मचारियों को दिए हैं । पुलिस अधीक्षक ने थाना -चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है के जनदर्शन में जनता की फरियाद हफ्ते के सभी कार्यालयीन दिवस में सुनी जाए। लंबित एवं नवीन प्रकरणों की त्वरित विवेचना कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बता दें की आईपीएस उदय किरण इससे पूर्व गौरेला पेंड्रा मरवाही बतौर पुलिस अधीक्षक रहे है।

# एनटीपीसी कोरबा द्वारा रिटेल एसोसिएट प्रशिक्षण का शुभारंभ,महिलाओं को रोजगार अवसरों से जुड़ने का मिलेगा मौका

कोरबा, 07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अपने नैगम सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत सामाजिक सरोकारों के लिए विभिन्न कार्य करती आई है। इसी दिशा में एनटीपीसी की कोरबा इकाई ने हाल ही में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सतत प्रयास करते हुए रिटेल एसोसिएट प्रशिक्षण का उदघाटन किया। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के दृष्टिकोण से, प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।एनटीपीसी कोरबा, अमभुजा फ़ाउंडेशन के साथ सहभागिता कर, 25 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। तीन माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में निकटतम ग्रामों की महिलाएं भाग लेंगी। नेशनल स्किल डेव्लपमेंट सेंटर द्वारा प्रमाणित प्रशिक्षण कार्यक्रम में न्यूनतम 70 प्रतिशत प्रतिभागियों को सुनिश्चित प्लेसमेंट दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पर्सनालिटी डेवलपमेंट, बिलिंग मोड्यूल, मार्केटिंग, स्टोर मैनेजमेंट एवं इन्वेंट्री मैनेजमेंट जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाएगा। राष्ट्र की प्रगति में लगातार क्रियाशील एनटीपीसी लिमिटेड, नित नई ऊंचाइयों को हासिल कर रही है। बिजली उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी अपने सामाजिक सरोकारों के



माध्यम से देश हित में प्रयत्नशील है। 'पीपल बिफोर पीएलएफ़' के सिद्धांत पर चलते हुए एनटीपीसी देश की विकास यात्रा को गति प्रदान कर रही है। इस विषय में परियोजना प्रमुख ने सभी प्रतिभागियों को अपनी बधाई प्रेषित करी और कहा की ÷एनटीपीसी के लिए आजीविका विकास, सामुदायिक विकास के लिए किए कार्यों का एक प्रमुख स्तंभ है। सही कौशल के साथ, महिलाएं देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। हमारा उद्देश्य महिलाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देना है।इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख के साथ साथ, मुख्य महाप्रबंधक, मैत्री महिला समिति के सदस्य एवं एनटीपीसी कोरबा की सीएसआर एवं एचआर टीम उपस्थित रही।

# एनटीपीसी के राखड़ बांध की रेजिंग बढ़ाने की राह में आई अड़चन , प्रभावितों ने कहा राखड़ समस्या का करें निदान तभी करने देंगे काम

- संवाददाता -
कोरबा,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एनटीपीसी की कोरबा परियोजना के अफसरों के गोलमोल और गलत जवाब से त्रस्त आ चुके धनरास गांव के लोगों ने साफतौर पर कह दिया है कि यहां के राखड़ बांध की रेजिंग को बढ़ाने का काम तब तक नहीं करने दिया जाएगा, जब तक द्यद्ग राखड़ उडऩे की समस्या का हल नहीं खोज लिया जाता। ग्रामीणों ने अफसरों के सामने इस बात को पूरी मुखरता से रखा और उन्हें चलता कर दिया। एनटीपीसी की जमनीपाली स्थित मेगा प्रोजेक्ट से 2600 मेगावाट बिजली उत्पादित की जा रही है। 80 के दशक में परियोजना की स्थापना के साथ इसकी कुल उत्पादन क्षमता 2100 मेगावाट थी जिसमें पांच इकाईयां काम कर रही थी। बीते वर्षों में बिजली की मांग बढऩे और केंद्रीय पूल से एनटीपीसी के द्वारा ज्यादा बिजली उपलब्ध कराने के दबाव को देखते हुए प्रबंधन ने जमनीपाली परियोजना ने 500 मेगावाट का विस्तार किया। इसके साथ अब यहां से कुल मिलाकर 2600 मेगावाट बिजली उत्पादित की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन कई लाख टन कोयला की खपत हो रही है। कोयला के उपयोग के बाद बड़ी मात्रा में निकलने वाली राख के भंडारण के लिए अलग-



अलग तौर.तरीके अपनाए जा रहे हैं। प्रदेश के कुछ सीमेंट उद्योगों और फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट को नि.शुल्क राख आपूर्ति की जा रही है। एसईसीएल की कुछ बंद पड़ी परियोजनाओं में डंपिंग का काम कराया जा रहा है। जबकि शेष मात्रा ऐश डाइक में रखी जा रही है। धनरास डाइक में सुरक्षा के तमाम प्रबंधों के बावजूद हवा के झोंके आने पर राख उड़ती है और धनरास, छुटकी छुरी, सलोरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। काफी समय से इस प्रकार की समस्याएं बनी हुई है और लोग परेशान हो रहे हैं। इन सबके बीच प्रबंधन चाहता है कि राखड़ बांध की ऊंचाई को बढ़ाया जाए ताकि राख की अधिकतम मात्रा को यहां पर सहेजना संभव हो सके। अधिकारियों ने इस मसले को लेकर इलाके का दौरा किया। योजना की भनक लगने पर ग्राम के सरपंच और लोगों ने अफसरों को कहा कि सबसे पहले उन्हें यहां पर मौजूद समस्या का स्थायी और निर्णायक समाधान खोजना होगा, जिसके कारण जन स्वास्थ्य के खतरे पैदा हुए हैं। लोगों ने वे सारी समस्या बताई जो यहां पर उपस्थित है । अधिकारियों ने अपने हिसाब से लोगों को संतुष्ट करने का प्रयास किया लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि इससे पहले भी अधिकारियों के द्वारा समस्या को लेकर बात सुनी गई और झूठे आश्वासन दिए गए।

# प्रभावितों को मुआवजा राशि अविलंब वितरण करें: कलेक्टर

अम्बिकापुर,07 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जलसंसाधन विभाग द्वारा अधिगृहित भूमि प्रभावितों के मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए राशि उपलब्ध होने के तत्काल बाद प्रभावितों को मुआवजा राशि वितरण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कहा कि भूमि अधिग्रहण प्रभावितां को मुआवजा राशि के लिए भटकना नहीं पड़ना चाहिए। एसडीएम तहसीलदार व कार्यपालन अभियंता आपसी समन्वय कर राशि का वितरण कराएं। मुआवजा राशि का आकलन कर आवश्यकता के अनुसार विभागों को मांग पत्र प्रेषित करें। इसी प्रकार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत मुआवजा राशि वितरण के लिए हितग्राही के बैंक खाते में सीधे डीबीटी करने कहा। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा के बाहर के आवेदनों को प्राथमिकता से निराकरण करने तथा जो समय-सीमा के अंदर है उन्हें भी तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व न्यायालयों में ई-कोर्ट के माध्यम से आदेश पारित करें। 15 फरवरी तक पूर्व के सभी प्रकरणों का ई-कोर्ट में पंजीयन करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को प्रमाण-पत्र देना होगा कि उनके कोर्ट के 15 फरवरी तक सभी प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन कर लिया गया है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता

**लोक निर्माण विभाग(भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथिः-03.02.2023

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log in करें (https://eproc.cgstate.gov.in)
02. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि-17.02.2023
03. संबंधित संभाग-जशपुर

| सरल क्रं. | एन.आई.टी.क्रं/ ऑनलाईन सिस्टम क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 225 123249 2nd Call D Class and Above | जिला जशपुर के ग्राम बरपानी विकासखण्ड दुलदुला में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। | 68.67 |

जी नंबर-98260/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) सूरजपुर ,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ / अ-2 /2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-केशवनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मोनिका तिर्की पति स्व0 अनिल तिर्की जाति उरांव निवासी ग्राम केशवनगर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम केशवनगर प.ह.न. 24 रा.नि.म. केशवनगर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर(छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1456/3 रकबा 0.080 हे0 में से 0.020 हे0 को आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-केशवनगर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 15.02.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.02.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) सूरजपुर ,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ / अ-2 /2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-कुरूवां को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनीता गोंड़ पति कौशल कुमार सिंह जाति गोंड़ निवासी ग्राम कुरूवां तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुरूवां प.ह.न. 24 रा.नि.म. केशवनगर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर(छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 2165/9 रकबा 0.090 हे0 में से 0.020 हे0 को आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-कुरूवां के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 15.02.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.02.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) सूरजपुर ,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ / अ-2 /2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-तिलसिवां को सूचित किया जाता है कि आवेदिका डॉ. रश्मि कुमारी पति अशोक कुमार जाति तेली निवासी ग्राम तिलसिवां तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम तिलसिवां प.ह.न. 07 रा.नि.म. सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर(छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 779/5 रकबा 0.1820 हे0 में से 0.064 हे0 को व्यवसायिक प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-तिलसिवां के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 15.02.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.02.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

# आस्ट्रेलिया के आरोन फिंच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



**मेलबर्न, 07 फरवरी 2023।** आस्ट्रेलिया के सबसे सफल टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज और 2021 में टी20 विश्व कप जिताने वाले कप्तान आरोन फिंच ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया । 36 वर्ष के फिच हालांकि बिग बैश लीग और घरेलू टी20 मैचों में खेलते रहेंगे । क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने ट्वीट किया ,हमारे विश्व कप विजेता और सबसे लंबे समय तक टी20 कप्तान रहने वाले आरोन फिच ने खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है । अपने योगदान के लिये धन्यवाद आरोन फिच ।

फिच का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेना तय माना जा रहा था । उन्होंने पिछले साल वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया और आखिरी टेस्ट भी 2018 में खेला था । उनकी कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने दुबई में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप 2021 जीता था । पिछले साल हालांकि अपनी सरजमीं पर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में आस्ट्रेलियाई टीम नहीं पहुंच सकी । फिंच ने आखिरी टी20 मैच भी उसी टूर्नामेंट में खेला जब आस्ट्रेलिया की आयरलैंड पर 42 रन से जीत में उन्होंने 63 रन बनाये थे ।

फिंच ने यहां पत्रकारों से कहा , मैं 2024 टी20 विश्व कप तक नहीं खेल सकूंगा लिहाजा मेरे लिये अब पीछे हटने का सही समय है ताकि टीम आगे के बारे में सोच सके । फिंच ने आस्ट्रेलिया के लिये पांच टेस्ट में 278 रन, 146 वनडे में 5406 रन बनाये और 103 टी20 खेलकर 3120 रन बनाये जिसमें दो शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं । जनवरी 2011 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से उन्होंने सभी प्रारूपों में 8804 रन बनाये हैं जिसमें 17 वनडे शतक और दो टी20 शतक शामिल हैं । उन्होंने रिकॉर्ड 76 टी20 मैचों में आस्ट्रेलिया की कप्तानी की ।

टी20 क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड भी उनके नाम है जब 2018 में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 76 गेंद में 172 रन बनाये थे । फिंच आईसीसी वनडे विश्व कप 2015 जीतने वाली आस्ट्रेलियाई टीम में भी थे । उन्होंने कहा , आप टीम की कामयाबी के लिये ही खेलते हैं । टी20 विश्व कप जीतना और अपनी धरती पर वनडे विश्व कप हासिल करना मेरे कैरियर की सबसे सुनहरी यादें हैं । बारह साल तक आस्ट्रेलिया के लिये खेलना और महानतम खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना की बात है ।उन्होंने कहा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे ।उन्होंने कहा , उम्मीद है कि मैं ब्रिटेन में द हंड्रेड खेल सकूंगा । वह आईपीएल और भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के दौरान कमेंट्री भी करेंगे ।

# नागपुर टेस्ट से पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया के सामने खड़ी हुई नई मुसीबत,ये खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे मैच




**नईदिल्ली,07 फरवरी 2023।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर में बार्डर गावस्कर ट्राफी का पहला मैच 9 फरवरी से शुरू हो रहा है और इस मैच के पहले ही दोनों टीमों के खिलाड़ी चोट के कारण बाहर हो गए है तो इस मैच में नजर नहीं आएंगे। ऐसे में इन खिलाड़ियों को बाहर होना दोनों टीमों के लिए ही सही नहीं है।

जानकारी के अनुसार टीम इंडिया के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट के चलते पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है की श्रेयस अय्यर बैक इंजरी के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। अय्यर ने पिछले साल 17 वनडे मैचों में 724 रन बनाए थे। ऐसे में भारत के लिए ये टेंशन की बात है।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क भी पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे उन्होंने खुद इसकी पुष्टी की है। वह उंगली की चोट से जूझ रहे हैं, स्टार्क को साउथ अफ्रीका के खिलाफ उंगली पर चोट लग गई थी, साथ् ही ऑस्ट्रेलिया टीम के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड सीरीज के पहले मैच से बाहर हो गए हैं वो अपनी चोट से उभर नहीं पाए है।

# पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों के बिगड़े बोल,बीसीसीआई को लेकर मियांदाद ने कही ये बात

**नईदिल्ली,07 फरवरी 2023।** पाकिस्तान में आयोजित होने वाले एशिया कप को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। लेकिन यह तय है की अगर एशिया कप पाकिस्तान में ही खेला जाएगा



तो भारत वहां खेलने के लिए नहीं जाएगा। भारत की मांग है की एशिया कप कही न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित किया जाए।

इधर भारत के इस फैसले से पाकिस्तान के कई पूर्व खिलाड़ी भी नाराज है और उनका कहना है की भारत यहां नहीं आता है तो पाकिस्तान को भी वर्ल्डकप खेलने भारत नहीं जाना चाहिए। इस मामले में पाकिस्तानी के पूर्व खिलाड़ी जावेद मियांदाद का कहना है कि भारत अगर पाकिस्तान में नहीं आता है, तो हमें भी उनके यहां नहीं जाना चाहिए। ऐसे में आईसीसी को अपना रोल अदा करना चाहिए और इस मामले को सुलझाना चाहिए।

इतना ही नहीं इस मामले में बोलते हुए जावेद मियांदाद ने बीसीसीआई के लिए %गो टू हेल% शब्द का इस्तेमाल भी किया। जानकारी के अनुसार एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में बीसीसीआई के सचिव ने साफ मना कर दिया था की टीम इंडिया एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी।

# सोनम ने स्टीपल चेज में नेशनल रिकार्ड बनाकर जीता गोल्ड




**नई दिल्ली, 07 फरवरी 2023।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में दिल्ली के एथलीटों ने सात मेडल अपने नाम किए। एथलेटिक्स में यहां के खिलाड़?यों ने चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीते। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़?यों में सोनम ने 2000 मीटर स्टीपल चेज में नेशनल रिकार्ड के साथ चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

उन्होंने इसके लिए 6:45.71 सेकेंड का वक्त लिया और लखनऊ की पारुल का पिछला रिकार्ड तोड़ा जो 7:06.49 सेकेंड का था। अन्य एथलीटों में शैलाभ ने 1500 मीटर की दौड़ में दूसरा, डिस्कस थ्रो में अनिशा दाहिया ने तीसरा और 43400 मीटर रिले (पुरुष) में अरमान संदीप, एस रावत और शुभम ने दिल्ली को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।

दिल्ली के लिए दो रजत पदक 43100 मीटर और 43400 मीटर रिले में आस्था, सोनाली, अश्विन व महीन ने सामूहिक प्रयास से जीते। एथलेटिक्स में दिल्ली के लिए भाला फेंक (पुरुष) में अर्जुन ने कांस्य पदक जीता।

दिल्ली के प्रदर्शन पर कोच रवि चौधरी ने कहा, %खिलाड़?यों ने अच्छा प्रदर्शन किया और अगले खेल इंडिया यूथ गेम्स में हम और ज्यादा पदक जीतने की कोशिश करेंगे।% दूसरी कोच सुनिता राय ने कहा, %लड़कियों ने कमाल कर दिया और हमें गौरवान्वित किया। यह खिलाड़ी देश का भविष्य हैं।



# सानिया और बेथानी अबु धाबी ओपन के पहले दौर से बाहर

**अबुधाबी,07 फरवरी 2023।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्ज़ा और अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स की जोड़ी को अबुधाबी ओपन के पहले दौर में बेल्जियम की क्रिस्टीन फ्लिपकेंस और जर्मनी की लौरा सीजमंड ने हरा दिया। सानिया और माटेक को करीब सवा घंटे तक चले मैच में 3 . 6, 4 . 6 से पराजय झेलनी पड़ी । छह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सानिया 19 फरवरी से शुरू हो रही दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद खेल को अलविदा कहने जा रही है । पिछले महीने सानिया और रोहन बोपन्ना आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में उपविजेता रहे थे । उन्हें ब्राजील के रफ़ेल मातोस और लुइसा स्टेफानी ने हराया था । वह ग्रैंडस्लैम में सानिया का आखिरी मैच था।

# वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी एक लत की तरह है : रिशिना कंधारी



टीवी अभिनेत्री रिशिना कंधारी, जो वर्तमान में ना उमर की सीमा हो शो में दिखाई दे रही हैं, ने वन्यजीव फोटोग्राफी में अपनी रुचि के बारे में खुलकर बात की और मध्य प्रदेश में पेंच टाइगर रिजर्व में अपनी पहली वन्यजीव सफारी को याद किया। अभिनेत्री कहती हैं, लॉकडाउन खत्म होने के तुरंत बाद वन्यजीव फोटोग्राफी में मेरी रुचि पैदा हुई। जब मैं 2020 में अपनी पहली वन्यजीव सफारी पर गई, तो मुझे नहीं पता था कि यह कैसा होगा। लेकिन यह बहुत सुंदर था, मैंने 5 बाघ देखे।एक्ट्रेस का कहना है कि अनुभव इतना अच्छा रहा कि वह फिर से पेंच टाइगर रिजर्व चली गई। वह एक गाइड द्वारा सिखाए गए जानवरों को पकडऩे के कौशल के बारे में बताती हैं। आगे अभिनेत्री ने कहा, वन्यजीव मंत्रमुग्ध कर देने वाला है और कोई भी इसकी सुंदरता में खो सकता है। एक बाघ को पकडऩे के दौरान, मेरे गाइड ने मुझे तस्वीर क्लिक करने के लिए कहा क्योंकि यह हमारे लिए इंतजार नहीं करेगा या पोज नहीं देगा। सौभाग्य से समय के साथ, मैंने एक शॉट क्लिक किया और मैं बहुत खुश थी कि तस्वीर पूरी तरह से आई। मुझे एहसास हुआ कि आनंदमय अनुभव के लिए अपनी आंखों से वन्य जीवन का आनंद लेना बहुत जरूरी है। फिर भी मुझे तस्वीरें लेना पसंद है क्योंकि मैंने इसे पेशेवर रूप से सीखा है।वर्तमान काल्पनिक नाटक के अलावा, वह दीया और बाती हम, ये उन दिनों की बात है, तेनाली रामा, गहरियां और कई अन्य में भी देखी गई।

# विक्की कौशल निभाएंगे लक्ष्मण उतेकर की अगली फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार

अभिनेता विक्की कौशल अपनी अगली फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म निर्देशक लक्ष्मन उतेकर ने इसकी पुष्टि की है।छत्रपति संभाजी महाराज मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे हैं। निर्देशक लक्ष्मन उतेकर ने कहा, विक्की कौशल यह



ऐतिहासिक किरदार निभाने के लिए बिल्कुल सही पसंद हैं। फिल्म मिमी' के निर्देशक उतेकर और विक्की कौशल की एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भी जल्द रिलीज होने वाली है।निर्देशक ने कहा, विक्की कौशल का व्यक्तित्व, उनकी कद-काठी और काया छत्रपति संभाजी महाराज से मेल खाती है। इसके अलावा विक्की एक शानदार कलाकर हैं। हमने कोई लुक टेस्ट' नहीं किया क्योंकि मुझे यकीन था कि वही संभाजी महाराज की भूमिका निभा सकते हैं। निर्देशक ने कहा, विक्की कौशल को चार महीने तक तलवारबाजी, घुड़सवारी और अन्य चीजों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तैयारी पूरे होने के बाद ही हम शूटिंग शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि वह छत्रपति संभाजी महाराज की कहानी को बड़े पर्दे पर दिखाने को उत्साहित हैं।उतेकर ने कहा, हमने छत्रपति शिवाजी महाराज पर कई फिल्में देखी हैं, लेकिन कोई नहीं जानता कि छत्रपति संभाजी महाराज कितने बड़े योद्धा थे या मराठा साम्राज्य और महाराष्ट्र के लिए उनका योगदान क्या है। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग अगस्त-सितंबर में शुरू की जाएगी।



# ऋचा चड्ढा के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अपनी शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री ने कई मूवी में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुके है। बता दें कि ऋचा चड्ढा ने हाल ही में अभिनेता अली फजल से निकाह कर लिया है। दोनों की तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल होने लगी थी। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा अब काम पर फिर से वापस आ चुके है। इस दौरान उनके हाथ एक मूवी लग गई। बताया जा रहा है कि ऋचा चड्ढा जल्द ही एक मूवी में नजर आने वाली हैं। ये मूवी कोविड की दूसरी लहर के दौरान संकट की सच्ची कहानियों पर आधारित होने वाली है। हालांकि अभी तक इस मूवी को कोई नाम नहीं दिया गया है। बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी अपकमिंग मूवी के बारे में मीडिया के साथ वार्तालाप भी की है। इस मूवी के बारे में एक्ट्रेस ने कई खुलासे भी कर दिए है। ऋचा चड्ढा ने इस बारें में बोला है कि, यह उन वास्तविक घटनाओं पर आधारित कहा जा रहा है, जो सभी ने कोविड की दूसरी लहर के दौरान देखीं। नुकसान और निराशा तो थी, लेकिन एक उम्मीद भी थी। मैं फिल्म का भाग बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। इसके अलावा ऋचा चड्ढा ने डॉक्टर्स की भी जमकर तारीफ भी कर दी है।बताते चलें कि ऋचा को एक इंडो-ब्रिटिश मूवी ऑफर हुई है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में अभिनेत्री लीड रोल निभाती हुई दिखाई देने वाली है। बोला जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन ब्रिटिश डायरेक्टर करने वाले है। ऋचा ने इस बारे में मीडिया से बातचीत करते हुए बोला था कि उन्हें फिल्म की कहानी बहुत अच्छी लगने लगी है।












# बघेल ने आरंग विधानसभा क्षेत्र में 86 करोड़ 66 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**रायपुर,07 फ रवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आज 7 फरवरी को रायपुर जिले के आरंग विधानसभा के क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने आरंग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले में 86 करोड़ 66 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 36 करोड़ 29 लाख 90 हजार रूपए के 24 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 50 करोड़ 36 लाख 20 हजार रूपए के 23 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने जिला स्वास्थ्य विभाग रायपुर के भूमिपूजन हेतु 76.13 लाख रुपए के 6 कार्य तथा 55.76 लाख रुपए के 2 कार्यों का लोकार्पण, जल संसाधन विभाग के भूमिपूजन हेतु 1502.02 लाख रुपए के 4 कार्य तथा 1835.501 लाख रुपए के 6 कार्यों का लोकार्पण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के भूमिपूजन हेतु 2027.88 लाख रुपए के 13 कार्यों तथा 2713. 58 लाख रुपए के 9 कार्यों का लोकार्पण, जल संसाधन विभाग जल प्रबंध संभाग क्ऋ 1 के 415.94 लाख रुपए के 2 कार्यों का लोकार्पण और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के भूमिपूजन हेतु 23.87 लाख रुपए के 01 कार्य तथा 15.42 लाख रुपए के 4 कार्यों का लोकार्पण किया। इस तरह उन्होंने 24 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 23 विकास कार्यों लोकार्पण किया।

जिला स्वास्थ्य विभाग रायपुर के कुल 8 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया जिसमें आरंग के लखौली में उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य हेतु 27 लाख 73 हजार रूपये, उप स्वास्थ्य केंद्र भंडारपुरी में ईसीआरपी के अंतर्गत छह बिस्तर वार्ड निर्माण हेतु 9 लाख 68 हजार रूपये, उप स्वास्थ्य केंद्र राखी में ईसीआरपी अंतर्गत छह बिस्तर वार्ड निर्माण कार्य हेतु 9 लाख 68 हजार रूपये, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरूद- कुटेला में ईसीआरपी अंतर्गत छह बिस्तर वार्ड निर्माण कार्य हेतु लागत 9 लाख 68 हजार रूपये और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रीवा में ईसीआरपी अंतर्गत छह बिस्तर वार्ड निर्माण कार्य हेतु लगात 9 लाख 68 हजार रुपए शामिल हैं। आरंग के पलौद में उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य हेतु 27 लाख 73 हजार और सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र आरंग में ब्लड स्टोरेज की स्थापना हेतु 28 लाख 03 हजार रुपए का लोकार्पण कार्य शामिल है।

जल संसाधन विभाग रायपुर जिले के विकासखंड आरंग के अंतर्गत अमेठी तटबंद निर्माण कार्य लागत 834.96, सिवनी टार बांध का जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग कार्य लागत 146.22, पलौद स्टॉपडेम शीर्ष एवं नहर लाइनिंग कार्य लागत 132.44, ग्राम बनरसी के समीप पतलू नाला में स्टॉपडेम कार्य, लागत 388.4 सहित कुल 1502.02 का भूमिपूजन कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने 1835.501 लाख रूपये के 6 कार्यो का लोकार्पण किया जिनमें कोल्हान नाला पर टेकारी स्टॉपडेम योजना का निर्माण कार्य लागत 359.74, खुटेरी जलाशय का शीर्ष एवं नहर कार्य का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य लागत कार्य 232.851, नरदहा जलाशय का जीर्णोद्धार एवं मुख्य नहर के चौन क्रमांक 0 से 60 चौन तक लाइनिंग कार्य 147.57, गुमा जलाशय का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य लागत कार्य लागत 397.85, आरंग नवागांव जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग कार्य लागत 399.13 और आरंग के कोल्हान नाला पर सक्रिय स्टॉपडेम का निर्माण लागत 298.36 शामिल है।

इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल योजनाओं हेतु 13 ग्रामों के 4314 घरेलू कनेक्शन हेतु 2027.88 लाख का शिलान्यास 9 ग्रामों के 6619 घरेलू कनेक्शन हेतु 685.7 लाख रूपये के विकाय कार्यो का लोकार्पण शामिल है। इसी तरह जल संसाधन विभाग जल प्रबंध संभाग-1 के 415.94 लाख के 2 कार्यों का लोकार्पण किया गया जिसमें महानदी मुख्य नहर के देवदा, लखौली, रीवा, डिधारी, नारा एवं कुकरा माइनरों का रिमॉडलिंग एवं लाइंनिग कार्य हेतु लागत 383.85 लाख रूपये एवं महानदी मुख्य नहर के कि.मी. 84.45 से 85.50 तक प्रोटेक्शन कार्य हेतु लागत 32.09 लाख रूपये शामिल है।

इसी तरह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के हनुमान मंदिर चौक में बाजार शेड निर्माण पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग सहित ग्राम पौंता ग्राम पंचायत तांदुल में 3 लाख रूपये, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (पाल समाज) में 5 लाख रूपये, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (निषाद समाज) में 3 लाख रूपये, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला नवागांव (हाइवे) 1 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण में 4.42 लाख रूपये का लोकार्पण कार्य शामिल है। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट अनंत राम बर्छिया शा.उ.मा.वि. चंदखुरी में जीर्णोद्धार कार्य में 23.87 रूपये का शिलान्यास कार्य शामिल है।

## डॉ.ज्ञानेंद्र मणि नाबार्ड छत्तीसगढ़ के नये सीजीएम

**रायपुर,07 फ रवरी 2023(ए)।** नाबार्ड मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेंद्र मणि ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय का कार्यभार संभालने से पूर्व, उन्होंने अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य किया। वे ओडिशा और उत्तर प्रदेश नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालयों, बैंकर्स ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड), लखनऊ और नाबार्ड प्रधान कार्यालय, मुंबई में विभिन्न पदों पर भी कार्यरत रहें।



डॉ. मणि ने नाबार्ड की ओर से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की 'स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई) का मूल्यांकन किया, जिसने एसजीएसवाई को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (वर्तमान में) द्वारा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने बैंकर्स ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड), लखनऊ की ओर से द माइक्रोफाइनेंस रिव्यू जर्नल लॉन्च किया और जर्नल के प्रबंध संपादक की हैसियत से 2009 से 2015 तक इसका संचालन किया। उन्होंने नाबार्ड की ओर से माइक्रोफाइनेंस, कृषि मूल्य श्रृंखला आदि पर कई राष्ट्रीय स्तर के सेमिनारों का भी समन्वय किया। डॉ. मणि ने कृषि अर्थशास्त्र में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड से पीएच.डी. किया है। उन्होंने पुस्तकें, अध्ययन, रिपोर्ट, भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं, समाचार पत्रों में शोध पत्रों आदि के रूप में 100 से अधिक दस्तावेजों के साथ अकादमिक क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि अरुणाचल प्रदेश शासन ने अपने 33वें स्थापना दिवस (20 फरवरी 2019) पर डॉ मणि को अरुणाचल प्रदेश राज्य के लिए उनकी सराहनीय सेवा के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। डॉ मणि एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआइसी) के बोर्ड निदेशक भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रास्ते पर चलने वाली सरकारःबघेल



**रायपुर ,07 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रास्ते पर चलने वाली सरकार है। छत्तीसगढ़ का विकास का मॉडल गांधीजी के ग्राम सुराज और स्वावलंबन पर आधारित है। यही सुब्बाराव जी का भी रास्ता है।

राज्य सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों की जेब में पैसे डालने का काम किया, इसकी वजह से आज छत्तीसगढ़ में खेती- किसानी, व्यापार और उद्योग अच्छी स्थिति में है । छत्तीसगढ़ सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य है। लोगों को छोटे-छोटे कामों से जोड़ा जा रहा है और उन्हें आय और रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना शिविर में देश के 27 राज्यों सहित इंडोनेशिया और नेपाल के युवा शिरकत कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के छतरी वाले गुरुजी का नई दिल्ली में हुआ सम्मान

### सिक्किम के राज्यपाल ने शिक्षक रूद्रप्रताप सिंह राणा को लाइव्स रियल हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा

**रायपुर,07 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले की शासकीय प्राथमिक शाला सकड़ा के सहायक शिक्षक रूद्रप्रताप सिंह राणा को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए 4 फरवरी को नई दिल्ली में 'आस एक प्रयास' ट्रस्ट द्वारा लाइव्स रियल हीरोज ऑफइंडिया अवार्ड 2023 से नवाजा गया। सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद और आचार्य प्रद्युम्न (योग गुरु बाबा रामदेव के गुरु) ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस संस्था द्वारा हर वर्ष देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मानवता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित एवं विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जाता है।

नीली छतरी वाले गुरुजी के नाम से विख्यात रूद्रप्रताप सिंह राणा ने कोरोना काल में बच्चों को सुरक्षित रखते हुए पढ़ाई से जोड़े रखा। उनकी कहानी सभी को प्रेरणा देती है कि जीवन को कैसे





महान बनाया जा सकता है। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दौरान बच्चों को सुरक्षित रखते हुए सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जोड़े रखने का विचार ही काफी है। तब उन्होंने सोचा कि बच्चे स्कूल नहीं जा सकते तो क्यों न स्कूल को ही बच्चों तक ले जाया जा सके। तब उन्होंने अपनी मोटर साइकिल पर घंटी, ग्रीन बोर्ड, छोटा सा पुस्तकालय और नीली छतरी सजाकर गांव के एक मोहल्ले में बच्चों को बिना एक दूसरे से संपर्क बनाए पढ़ाना शुरू किया। तब से इनका नाम नीली छतरी वाले गुरुजी भी पड़ा। कोरोना काल में बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जोड़े रखने की यह सुरक्षित तरीका प्रधानमंत्री को भी भाया। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में इसका जिक्र भी किया। शिक्षक राणा ने अपने मित्रों के साथ मिलकर पहुंच विहीन और नेटवर्क रहित क्षेत्रों के लिए सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ में मोहल्ला क्लास का कॉन्सेप्ट दिया, जो आगे चलकर देशभर काफी चर्चित और लोकप्रिय हुए। उन्होंने सुदूर वनांचल ग्राम सकड़ा के प्राथमिक शाला का शासन एवं समाज के सहयोग से कायाकल्प कर उसे एक आदर्श स्कूल के रूप से स्थापित किया। शिक्षक राणा अनुभव आधारित शिक्षण पर जोर देते हैं और सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाने का प्रयास करते हैं, उनके विद्यालय पर कई डॉक्यूमेंट्री भी बनी है। जिसका प्रदर्शन एससीईआरटी और एनसीईआरटी में भी किया गया है। विगत वर्षों में इनके विद्यालय के कई बच्चों का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुआ है। राणा निपुण भारत अभियान के तहत एफएलएन के 5 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। उन्होंने एनसीईआरटी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रस्तुति भी दी है। लाईफ्स रियल हीरो पुस्तक में उनके जीवन के ऊपर विस्तृत प्रकाश डाला गया है, जो सभी कर्मठ शिक्षकों को प्रेरित एवं गौरवान्वित करता है।

## भूपेश ने केंद्र सरकार पर बोला तीखा हमला

### ट्वीट कर कहा-आँकड़े जो दिखाते हैं

**रायपुर,07 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने के दावों पर ट्वीट कर जमकर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि आँकड़े जो दिखाते हैं किसान विरोधी भाजपा की नीयत।

यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल के दौरान वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2013-14 के दौरान 9 वर्षों में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹560 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर ₹1310 प्रति क्विंटल किया गया। यह वृद्धि लगभग 134 प्रतिशत



होती है।

आपको बता दें कि दो दिन पहले भी मुख्यमंत्री ने किसानों के मुद्दे पर सवाल उठाया था। उन्होंने लिखा भाजपा सरकार मतलब किसानों पर प्रहार। 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनते ही किसानों को रूक्क के अतिरिक्त बोनस या अन्य राशि देने पर प्रतिबंध लगाया। दबाव में 2017 में बोनस का निर्णय लिया किंतु राज्य में 2018 में कांग्रेस सरकार बनते ही केंद्र द्वारा बोनस पर पुनः प्रतिबंध लगाया।

देश में किसी भी भाजपा शासित राज्य में किसानों को कोई अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जा रहा है। स्पष्ट है कि भाजपा के सत्ता में रहते तक किसानों का भला संभव नहीं।



## कर्मचारियों को एनपीएस-ओपीएस विकल्प पत्र भरे बिना नहीं जारी होगी सैलरी

**बिलासपुर ,07 फ रवरी 2023 (ए)।** एनपीएस या ओपीएस ? शासकीय कर्मचारी के लिए विकल्प चयन अनिवार्य कर दिया गया है। इस बाबत छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से निर्देश जारी होने के बाद प्रत्येक जिलों से भी निर्देश जारी कर दिया गया है। कर्मचारियों को तय समय सीमा के भीतर विकल्प चयन का निर्देश जारी किया जा रहा है।

इसी बीच बिलासपुर ट्रेजरी कार्यालय की तरफ से निर्देश जारी किया गया है। निर्देश में साफ कहा गया है, कि जब तक विकल्प कर्मचारी नहीं भरेंगे, तब तक फरवरी माह का वेतन जारी नहीं होगा। निर्देश के मुताबिक जब तक कर्मचारी विकल्प नहीं भरेंगे, तब तक फरवरी माह के वेतन का आहरन नहीं किया जा सकेगा।

आपको बता दें कि राज्य सरकार ने 24 फरवरी तक अनिवार्य रुप से एनपीएस और ओपीएस के विकल्प पत्र को जमा करने का निर्देश सभी कर्मचारी के लिए जारी किया है। निर्देश के मुताबिक विकल्प पत्र जमा करने के साथ साथ उसे कार्मिक संपदा में अपलोड करना भी जरूरी होगा।

## सर्विस रायफल से खुद को गोली मार कर जवान ने की आत्महत्या



**बीजापुर ,07 फरवरी 2023(ए)।** सीआरपीएफ85 बटालियन के मुख्यालय में पदस्थ जवान ने सर्विस रायफल से स्वं को गोली मारकर आत्म हत्या कर लिया है ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 85 बटालियन मुख्यालय में पदस्थ जवान विनय उर्फ बीनू निवासी केरल ने सर्विस रायफल से खुद पर गोली चला कर आत्म हत्या कर ली है । जवान तीन दिनों पूर्व ही अवकाश से आया हुआ था । जवान के आत्म हत्या का कारण अज्ञात है ।

## नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में फिर पत्थरबाजी

**रायपुर, 07 फरवरी 2023(ए)।** वंदे भारत एक्सप्रेस में लगातार पत्थरबाजी की घटना से आरपीएफ की चिंता बढ़ गई है. नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पत्थरबाजी हुई है. पत्थर मारकर एक कोच का शीशा तोड़ दिया गया है. इस घटना के बाद आनन-फानन में रेलवे सुरक्षा बल ने घटना स्थल पहुंचकर जांच की. तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।




घटना रविवार शाम 7:17 बजे की है. ट्रेन नागपुर से छूटकर बिलासपुर पहुंच रही थी. दाधापारा और गोखरा नाला के मध्य सी-9 कोच के सीट नंबर 20 के शीशे पर किसी शरारती तत्व ने ट्रेन पर पत्थरबाजी कर दी. इससे यात्री घबरा गए. पत्थरबाजी से शीशा टूट गया. इस पर ट्रेन को रोका गया. तैनात सुरक्षा बल के जवानों ने उतरकर देखा पर अंधेरे की वजह से कुछ भी नजर नहीं आया. इस पर उन्होंने सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को जानकारी दी।जानकारी मिलने के बाद बिलासपुर आरपीएफपोस्ट की टीम घटना स्थल पहुंची और जांच की. इस दौरान तीन युवकों को मौके से पकड़ा गया. उनसे पूछताछ जारी है. अभी तक तीनों ने पत्थर मारने का अपराध स्वीकार नहीं किया है. वंदे भारत एक्सप्रेस में लगातार पत्थरबाजी हो रही है. आरपीएफ यह समझ नहीं पा रही है कि यह शरारती तत्वों की करतूत है या फिर जानबूझकर ट्रेन को निशाना बनाया जा रहा है. इस ट्रेन की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ अब बड़ा कदम उठा सकती है।

## हाथियों का झुंड पहुचा बिलासपुर के करीब

**बिलासपुर, 07 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में जंगली हाथियों के झुंड ने दस्तक दें दी है। हाथियों का दल बिलासपुर की सीमा के करीब पहुंच गया है। इसकी सूचना मिलते ही वन मंडल ने तत्काल मस्तूरी में कर्मचारियों को निगरानी के लिए तैनात कर दिया।



उड़नदस्ता की ड्यूटी भी लगाई है। वन अमला राहगीरों के अलावा आस - पास के ग्रामीणों को सचेत कर रहा है। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो जाए। वहीं हाथियों का दल पहले रायगढ़ जिले में पंहुचा इसके बाद सक्ती जिला होते हुए जांजगीर-चांपा जिले में घुस गए। चार दिन हाथी इस क्षेत्र में मौजूद है। रविवार की सुबह दल बिलासपुर वन मंडल की सीमा के करीब पहुंच गए। केवल 10 किमी दूर है। इसके बाद इसकी सूचना जांजगीर-चांपा वन मंडल ने बिलासपुर वन मंडल को दी गई । ताकि वह सतर्क हो जाए।

## कॉलेज के छात्र डिजिटल मार्केटिंग और मीडिया की करेंगे पढ़ाई

### महाविद्यालय ने किया एमओयू

**रायपुर,07 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ महाविद्यालय ने साहित्य अकादमी-संस्कृति परिषद, रायपुर एवं संज्ञा पीआर के साथ अनुबंध किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ महाविद्यालय की विशिष्ट पहचान है। 1938 में स्थापित यह संस्था न सिर्फ शैक्षणिक अपितु शैक्षणेत्तर गतिविधियों में भी लगातार अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रही है । विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके, इस दिशा में कई नवाचार किये जा रहे हैं ।



इसी तारतम्य में गत दिवस महाविद्यालय में अनुबंध के लिए साहित्य अकादमी, संस्कृति परिषद के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त एवं पब्लिक रिलेशन संस्था 'संज्ञा' के संस्थापक गौरव गिरिजा शुक्ला का आगमन हुआ, जिन्होंने प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अनुबंधों के बाद दोनों ही पक्षों ने इस बिंदु पर सहमति दर्शाई कि परस्पर सहयोग से संस्थागत विद्यार्थियों की गुणवत्ता में निश्चित ही बढोतरी हो सकेगी और बेहतरी लिए वे मिलकर कार्य करेंगे। डिजिटल मार्केटिंग, मीडिया एवं पब्लिक रिलेशन एजेंसी संज्ञा पी.आर. युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु कई संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। महाविद्यालय के साथ किये गए इस अनुबंध से निश्चित ही विद्यार्थियों को राज्य के दो प्रमुख संस्थानों के मार्गदर्शन से लाभ होगा।

इस अवसर पर आई क्यू. ए. सी. प्रभारी डॉ अनिता जुनेजा, डॉ मंजुला उपाध्याय, डॉ. वी. डी. साहसी, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ सुभद्रा राठौर, डॉ संध्या नलगुंडवार, डॉ दीपशिखा विज, डॉ विनीता स्वर्णकार आदि उपस्थित थे ।

## शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 5 शिक्षक को किया सस्पेंड




**रायपुर,07 फरवरी 2023(ए)।** अलग अलग मामलों में शिक्षा विभाग ने 3 शिक्षक और 2 प्रधानपाठक को सस्पेंड कर दिया है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फरफौद में पदस्थ प्रभारी प्रधानपाठक रामजी वर्मा को विभाग ने निलंबित किया गया है। निलंबित किया गया है।

26 जनवरी को झंडोत्तोलन के दौरान स्कूली बच्चा करंट की चपेट में आ गया था, जिसकी वजह से स्कूली बच्चे के हाथ को काटना पड़ा था। प्रधानपाठक की लापरवाही की वजह से विद्यार्थी को हाथ खोना पड़ा था। जिसके बाद विभाग ने उन्हें सस्पेंड कर दिया।साथ ही कई अन्य शिक्षकों पर भी निलंबन की गाज गिरी है। छात्राओं से छेड़छाड़ करने के मामले में शिक्षक बृजलाल वर्मा को जहां विभाग ने निलंबित किया है, तो वहीं शिक्षक अनीता चंद्राकर को भी विभाग निलंबित किया है। शिक्षक के खिलाफ विभिन्न अपराधों में एफ आई आर दर्ज है। निलंबन की ये कार्रवाई गिरफ़्तारी के बाद की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ये कार्रवाई की गई है।




## अशोका रत्न बिल्डिंग में सेंट्रल जीएसटी का छापा

**रायपुर,07 फरवरी 2023(ए)।** सेंट्रल जीएसटी की बड़ी रेड रायपुर में जारी है. जानकारी के मुताबिक अशोका रत्न बिल्डिंग के (बिल्डिंग-08) फ्लैट नंबर 403 में ड्रीम डेकोरेटर के मालिक रिशु होरा के यहां सुबह 7:00 बजे सेंट्रल तस्स्झ विभाग की टीम ने दबिश दी है. खबर है कि सेंट्रल जीएसटी के 6 से 7 अधिकारी सुबह पहली फुर्सत में आ धमके हैं. फ़िलहाल जांच पड़ताल जारी है, रेड का खुलासा भी किसी मीडिया घराने में नहीं किया गया है. इसकी जानकारी अशोका रत्न सोसाइटी के जागरूक नागरिकों ने फोन में दी. जिस आधार पर जन सरोकार के माध्यम से खबर लगाई जा रही है. खबर की पुष्टि होना बाकी है, सेंट्रल जीएसटी के अधिकारी फोन नहीं उठा रहे है, वही रिशु ने अपना मोबाइल बंद कर दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)